उज्जैन
मंगलवार
25
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-292
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 एक महीने में 27 रुपये प्रतिकिलो महंगी हुई शक्कर

7 जुरेल ने जय जवान-जय किसान का टैटू दिखाया

## नेतन्याहू ने कहा ईरान ने बेटे की हत्या की कोशिश की

**इजराइल।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि ईरान ने उनके परिवार को निशाना बनाया और उनके दो बेटों में से एक की हत्या की कोशिश की थी। उन्होंने यह बात सरकार समर्थक चैनल 14 को फोन पर दिए इंटरव्यू में कही। नेतन्याहू चुनाव से पहले अपने परिवार और दूसरे राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था पर बात कर रहे थे। नेतन्याहू ने कहा, उन्हें दी जा रही सुरक्षा कोई ऐशोआराम नहीं है। नेतन्याहू के दो बेटे याइर और अवनर हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उनके दोनों बेटों में से किसे निशाना बनाया गया था। हत्या की कोशिश कब और कैसे की गई। इजराइल में प्रधानमंत्री और उनके परिवार को सुरक्षा मिलती है। लेकिन नेतन्याहू परिवार की सुरक्षा को लेकर विवाद इसलिए बढ़ा, क्योंकि सारा नेतन्याहू और उनके दोनों वयस्क बेटों याइर व अवनर को लंबे समय तक सुरक्षा देने का फैसला हुआ।

## सीजेपी का दिल्ली में बड़े मार्च का ऐलान, 5 सितम्बर से फिर गूंजेगी छात्रों की आवाज

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा विवाद और छात्रों की मांगों को लेकर एक महीने से अधिक समय तक जंतर-मंतर पर डेरा डालने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) एक बार फिर आर-पार की लड़ाई के मूड में है। सरकार पर वादे से मुकरने का गंभीर आरोप लगाते हुए सीजेपी ने 5 सितंबर को राजधानी दिल्ली में एक विशाल और शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकालने का बड़ा ऐलान किया है। पार्टी का स्पष्ट कहना है कि छात्रों और युवाओं ने सरकार के आश्वासन पर भरोसा कर 25 जुलाई को अपना देशव्यापी आंदोलन वापस लिया था, लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी उनकी मुख्य मांगें पूरी नहीं की गई हैं।

## मराठी सीखने के खिलाफ मुंबई में ऑटोवालों की हड़ताल

**मुंबई।** मुंबई में ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों ने सोमवार को सरकार के मराठी बोलने वाले नियम के विरोध में 3 दिन की हड़ताल बुलाई है। गैर मराठी भाषी ड्राइवरों का कहना है कि इससे उन पर ज्यादा बोझ पड़ेगा। उम्रदराज ड्राइवरों का कहना है कि हमने बिल्कुल पढ़ाई नहीं की है। हमारे सामने परिवार को पालने की चुनौती है। 55-60 साल की उम्र में हम परिवार पालें या नई भाषा सीखें। यह बहुत मुश्किल है। 19 अगस्त को ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि ड्राइवरों को पहले नोटिस देकर 3 महीने में मराठी सीखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी मराठी नहीं सीखने पर लाइसेंस और बैज सस्पेंड किया जाएगा। राज्य में 20 अगस्त से सरकार ने उन ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है, जिन्हें मराठी नहीं आती है।

## अमेरिका में 2 लाख विदेशियों के वीजा रद्द होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार 2 लाख तक विदेशी नागरिकों के बिजनेस और टूरिस्ट वीजा रद्द करने की तैयारी कर रही है। यह कदम लागू हुआ तो यह अमेरिकी इतिहास में एक साथ सबसे बड़ी संख्या में वीजा रद्द करने की कार्रवाई होगी। अमेरिकी विदेश विभाग आने वाले हफ्तों में इ1 और इ2 वीजा रद्द करने की घोषणा कर सकता है। ये वीजा 2016 से 2026 के बीच जारी किए गए थे और उन लोगों पर कार्रवाई होगी जिन्होंने अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया है या कर रहे हैं। विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि ऐसे लोग अमेरिका में कम समय के लिए आने वाले पर्यटक या कारोबारी के तौर पर दाखिल हुए थे, लेकिन बाद में स्थायी रूप से रहने के लिए शरण का आवेदन कर दिया। वीजा रद्द होने का मतलब यह नहीं कि तुरंत अमेरिका से निकाल दिया जाएगा।

## 7 साल बाद भारत आ सकते हैं चीन के राष्ट्रपति, शी जिनपिंग

**नई दिल्ली।** इससे पहले मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2024 में रूस के कजान में मुलाकात हुई थी। दोनों नेता ब्रिक्स समिट में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2024 में रूस के कजान में मुलाकात हुई थी। दोनों नेता ब्रिक्स समिट में शामिल होने पहुंचे थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में शामिल हो सकते हैं। यह उनका 7 साल बाद भारत का पहला दौरा होगा। भारत 12-13 सितंबर को बिक्स सम्मेलन की मेजबानी करेगा। रॉयटर्स के मुताबिक, जिनपिंग के साथ करीब 400 अधिकारियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल आ सकता है।

## अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 15% घटी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2025-26 सेशन में अंडरग्रेजुएट कोर्स में दाखिला लेने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 15% घट गई है। यह जानकारी 1,100 से ज्यादा संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले गैर-लाभकारी संगठन की रिपोर्ट में सामने आई है। कॉमन ऐप की रिपोर्ट के मुताबिक, 2026-27 शैक्षणिक वर्ष में अंडरग्रेजुएट दाखिले के लिए कुल आवेदन बढ़े हैं। हालांकि, 1 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय आवेदकों की संख्या 10% घट गई, जो अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। रिपोर्ट में भारत से आने वाले आवेदकों की संख्या में 15% कमी दर्ज की गई है।

### मध्यप्रदेश में घोटालों का नया दौर?

# गेहूं से लेकर छात्रावास तक उठे करोड़ों के सवाल

## प्रशासनिक तंत्र से जुड़े मामलों में सामने आ रही अनियमितताओं ने एक बार फिर व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में सरकारी योजनाओं, खरीदी व्यवस्था, निर्माण कार्यों और प्रशासनिक तंत्र से जुड़े मामलों में सामने आ रही अनियमितताओं ने एक बार फिर व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले कुछ समय में अलग-अलग जिलों से ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें कहीं फर्जी किसानों के नाम पर सरकारी खरीद का आरोप है, तो कहीं करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के आरोप जांच के घेरे में हैं। सवाल यह है कि सरकारी धन की निगरानी करने वाली मशीनरी आखिर कहां है?

हालांकि इन सभी मामलों को अभी सीधे तौर पर घोटाला कहना उचित नहीं होगा। कई प्रकरणों में जांच चल रही है और अंतिम जिम्मेदारी जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही तय होगी। लेकिन लगातार सामने आ रहे आरोपों ने सरकार और प्रशासन के सामने जवाबदेही का बड़ा सवाल जरूर खड़ा कर दिया है।

**गेहूं खरीदी में फर्जी किसानों का खेल-** मध्यप्रदेश में इस साल समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर भिंड और राजगढ़ में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए। रिपोर्टों के अनुसार कुछ मामलों में कथित फर्जी किसान पंजीयन के जरिए सरकारी व्यवस्था में गेहूं की बिक्री दिखाई गई। मामले में पटवारियों के निलंबन और एफआईआर जैसी कार्रवाई की खबरें सामने आई हैं। यह मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि एमएसपी व्यवस्था का सीधा संबंध किसान और सरकारी खजाने से है। यदि रिकॉर्ड में ऐसे किसानों के नाम दर्ज किए गए जिनके पास वास्तविक उत्पादन या पात्रता नहीं थी, तो इसका अर्थ है कि सरकारी खरीद व्यवस्था की कई स्तरों वाली जांच प्रणाली सवालों के घेरे में आ गई। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों में एमएसपी पर खरीदे गए गेहूं की मात्रा और भंडारण को लेकर भी सवाल उठे हैं। कुछ रिपोर्टों में हजारों टन गेहूं के हिसाब-किताब में अंतर का दावा किया गया है। ऐसे आरोपों की स्वतंत्र और आधिकारिक जांच जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तविक नुकसान कितना हुआ और जिम्मेदार कौन है।



### कटनी में जमीन सौदे और रिश्वत के आरोप

कटनी में पुलिस अधिकारियों पर जमीन सौदे में कथित हस्तक्षेप, जांच में लापरवाही और रिश्वत के आरोपों ने पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्टों के मुताबिक सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर और निलंबन की कार्रवाई हुई है। पुलिस पर भ्रष्टाचार या निजी विवादों में पद का दुरुपयोग करने का आरोप सामान्य शिकायत से कहीं अधिक गंभीर होता है। क्योंकि जिस व्यवस्था से आम आदमी न्याय की उम्मीद करता है, उसी पर यदि पक्षपात या आर्थिक लेनदेन के आरोप लगें तो जनता का भरोसा प्रभावित होता है।

### सवाल सिर्फ घोटाले का नहीं, निगरानी का है

मध्यप्रदेश में सामने आ रहे इन अलग-अलग मामलों को एक साथ देखें तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि सरकारी व्यवस्था में निगरानी कितनी प्रभावी है? किसान पंजीयन से लेकर गेहूं खरीदी तक कई स्तरों पर सत्यापन होता है। छात्रावास मरम्मत में विभागीय अधिकारी, इंजीनियर और भुगतान व्यवस्था होती है। सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए अलग तंत्र है। पुलिस विभाग में भी वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था है।

### तीन करोड़ के छात्रावास मरम्मत कार्य पर सवाल

रीवा-मऊगंज क्षेत्र में करीब 3 करोड़ रुपये के छात्रावास मरम्मत कार्य को लेकर भी मामला विवादों में है। रिपोर्ट के अनुसार इस प्रकरण में दो बाबुओं को निलंबित किया जा चुका है और मऊगंज के एडीएम पी.के. पांडे के जवाब से असंतुष्ट होकर रीवा कलेक्टर ने उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए कमिश्नर को पत्र भेजा है। सरकारी छात्रावासों का निर्माण और मरम्मत सीधे विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़ा विषय है। इसलिए यहां यदि गुणवत्ता, भुगतान, कार्य की वास्तविकता या प्रक्रिया में गड़बड़ी साबित होती है तो मामला केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था की संवेदनशीलता पर भी सवाल होगा।

- **फर्जी दस्तावेजों से प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती-** अलीराजपुर में मुख्यमंत्री के कथित फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर आयुष अधिकारी के तबादले की कोशिश का मामला भी सामने आया है। संबंधित अधिकारी ने कथित फर्जी दस्तावेज को पकड़ लिया, जिसके बाद मामला जांच के दायरे में आया। सरकारी लेटरहेड और उच्च पदस्थ अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग केवल एक व्यक्ति को प्रभावित करने का मामला नहीं है। यह प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा सवाल है। यदि कोई व्यक्ति फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी आदेश जैसा माहौल तैयार कर सकता है तो यह पूरे तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।
- **सागर में करोड़ों की नकदी ने बढ़ाई सनसनी-** सागर में एक ऑटो चालक के घर से करोड़ों रुपये की नकदी मिलने के मामले ने भी जांच एजेंसियों का ध्यान खींचा है। रिपोर्ट के अनुसार बाद में सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी इंजीनियर दंपति सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और लोकायुक्त ने जांच के लिए एसआईटी गठित की। अब जांच का अहम बिंदु यही है कि इतनी बड़ी रकम वहां कैसे पहुंची और उसका वास्तविक स्रोत क्या था। यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि नकदी बरामदगी ने सरकारी विभागों से जुड़े लोगों और निजी व्यक्तियों के बीच संभावित वित्तीय लेनदेन की जांच का रास्ता खोल दिया है। हालांकि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

### कार्रवाई सिर्फ निलंबन तक सीमित न रहे

भ्रष्टाचार या वित्तीय अनियमितता के मामलों में निलंबन को अंतिम कार्रवाई मान लेना पर्याप्त नहीं है। यदि जांच में आरोप प्रमाणित होते हैं तो सरकारी धन की रिकवरी, आपराधिक कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि जिन मामलों में करोड़ों रुपये की अनियमितता के आरोप हैं, उनकी समयबद्ध जांच कराई जाए और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। इससे यह संदेश जाएगा कि सरकारी खजाना किसी की निजी संपत्ति नहीं है। मध्यप्रदेश की जनता को अब कार्रवाई की खबर नहीं, कार्रवाई का परिणाम चाहिए। एक के बाद एक मामले सामने आते रहें और हर बार जांच के नाम पर मामला ठंडे बस्ते में चला जाए, तो इससे व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होगा। सवाल विपक्ष का हो या सत्ता पक्ष का—सरकारी धन की निगरानी और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि जनता के अधिकार का मुद्दा है।

**फिर बार-बार शिकायतें सामने आने के बाद ही कार्रवाई क्यों होती है-** क्या विभागीय ऑडिट केवल कागजों तक सीमित है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था पर्याप्त है? और सबसे महत्वपूर्ण—सरकारी धन के नुकसान की भरपाई कौन करेगा?

### दीवार खड़ी कर रास्ता रोकने का आरोप

## जमीन पर कब्जे की कोशिश से गरमाया विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

गोम्मटगिरी चौराहे के समीप आकाश ग्रीन कॉलोनी से लगी जमीन को लेकर विवाद अब सड़क और जमीन के कथित अवैध कब्जे तक पहुंच गया है। अधिवक्ता डी.जी. मिश्र ने थाना गांधीनगर में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर दीवार तोड़कर कब्जे की कोशिश की गई और अब रास्ता बंद करने के उद्देश्य से कथित रूप से अवैध निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत में आकाश ग्रीन कॉलोनी और विनायक सार्थक ग्रुप से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत के मुताबिक गोम्मटगिरी चौराहे से लगी यह भूमि करीब तीन दशक से मिश्र परिवार के कब्जे और स्वामित्व में है। आरोप है कि पिछले दिनों उनकी जमीन की सीमा पर बनी दीवार को तोड़कर जबरन रास्ता निकाला गया तथा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। मिश्र परिवार ने इस मामले को लेकर जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न प्रशासनिक मंचों पर शिकायतें दर्ज कराईं।

मामला यहीं नहीं रुका। शिकायतकर्ता के अनुसार कॉलोनाइजर अश्विन मेहता और निलेश गुप्ता के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण भी विचाराधीन है। इसके बावजूद मंगलवार को विवादित स्थल पर फिर निर्माण गतिविधि शुरू किए जाने का आरोप है।



### चार दशक पुराने पेड़ की कटाई का भी आरोप

शिकायत में आरोप लगाया गया कि मौके पर मौजूद करीब चार दशक पुराने बबूल के पेड़ को काट दिया गया और इसके बाद रास्ता रोकने के उद्देश्य से दीवार खड़ी करने का काम शुरू कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिस जमीन और रास्ते को लेकर पहले से विवाद न्यायालय में विचाराधीन है, वहां निर्माण शुरू करना पूरे मामले को और गंभीर बनाता है।

### पुलिस ने मौके से वाहन जब्त किए

मामले की सूचना मिलने पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद ट्रैक्टर और टैंकर-ट्रॉली को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि मौके पर चल रहा निर्माण किसकी अनुमति से किया जा रहा था और निर्माण सामग्री व वाहनों के संबंध में वैध दस्तावेज मौजूद थे या नहीं।

### न्यायालय में मामला लंबित, फिर निर्माण क्यों?

सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब जमीन को लेकर विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और विभिन्न स्तरों पर शिकायतें भी की जा चुकी हैं, तो विवादित स्थल पर निर्माण की नौबत कैसे आई। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जे और निर्माण पर तत्काल रोक लगाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की जांच और न्यायालयीन कार्यवाही के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मौके पर किया जा रहा निर्माण वैध था या नियमों के विपरीत। फिलहाल जमीन, रास्ते और निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद इंदौर में एक बार फिर सुर्खियों में है।

## लखनऊ में 243 भैंसों की नीलामी में बवाल, लात-घूसे चले



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

लखनऊ में नगर निगम ने 243 भैंसों की 58 लाख 89 हजार रुपए में नीलामी की। सपा यूथ ब्रिगेड और सांसद चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। सीतापुर से आए एक युवक को लात-घूसो से पीट दिया। सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नीलामी में लखनऊ के बाहर के लोग आए हैं। इनमें कई कसाई हैं। पुलिस ने हंगामा बढ़ते देख बीच-बचाव कराया। थोड़ी देर में लखनऊ पश्चिम विधानसभा से सपा विधायक अरमान खान मौके पर पहुंचे। वे पार्टी कार्यकताओं के साथ धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों की हजरतगंज एसीपी रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर विक्रम सिंह से धक्का-मुक्की हुई।

## उज्जैन में भी आसान होगी नई कॉलोनियों की राह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश में नई कॉलोनियां विकसित करने और आवासीय क्षेत्रों में कारोबार शुरू करने की राह अब आसान होने जा रही है। राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 में संशोधन किए जाने के बाद इसका लाभ अब पूरे प्रदेश के साथ उज्जैन जिले में भी मिलेगा। नए प्रावधानों में भूमि उपयोग के अलग-अलग जोन के लिए गतिविधियों की नेगेटिव लिस्ट निर्धारित की गई है। यानी जिन गतिविधियों पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध नहीं होगा, उन्हें निर्धारित शर्तों और नियमों के तहत संबंधित क्षेत्र में संचालित किया जा सकेगा।

**आवासीय क्षेत्रों में कारोबार के अवसर बढ़ेंगे**

नए नियमों से उज्जैन में भी नई आवासीय कॉलोनियों के विकास, प्लानिंग और विभिन्न गतिविधियों को अनुमति देने की प्रक्रिया को अधिक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है। कॉलोनाइजर्स को भूमि उपयोग के संबंध में निर्धारित प्रावधानों के आधार पर कॉलोनी विकसित करने का रास्ता साफ होगा। वहीं आवासीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी नियमों के अनुरूप छोटे व्यवसाय और अन्य गैर-प्रतिबंधित गतिविधियां संचालित करने का अवसर मिल सकेगा। संशोधन में मिश्रित भूमि उपयोग (मिक्स्ड यूज) को विशेष महत्व दिया गया है। इसके तहत आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने का प्रयास किया गया है। इससे ऐसे क्षेत्रों का विकास संभव होगा, जहां आवास के साथ आवश्यक स्थानीय व्यापारिक गतिविधियां भी निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित की जा सकें। उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवासीय विस्तार और नई कॉलोनियों के विकास की गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। ऐसे में भूमि विकास नियमों में बदलाव को शहर के नियोजित विस्तार और भविष्य की आवासीय जरूरतों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि किसी भी गतिविधि को संचालित करने के लिए संबंधित विभागों के निर्धारित नियम, भवन अनुज्ञा, पार्किंग, सुरक्षा और अन्य आवश्यक शर्तों का पालन करना होगा।

## यूपी में जेन जेड को रोजगार देगी सरकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

यूपी सरकार जेन जेड को रोजगार और स्वरोजगार मुहैया कराएगी। युवाओं को वल्लभ भाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक विकास योजना से जोड़ा जाएगा। यह प्रस्ताव मंगलवार को योगी कैबिनेट की मीटिंग में मंजूर हो सकता है। प्रदेश में 7.5 करोड़ जेन जेड हैं। 400 करोड़ रुपए से नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इन बसों को परिवहन विभाग के बेड़े में शामिल किया जाएगा। जन सेवा केंद्रों के संचालन के लिए नए सिरे से नियमावली को मंजूरी मिलेगी। आईटी एवं इलेक्ट्रोनिक्स विभाग के एक अधिकारी ने बताया, जन सेवा केंद्र 3 की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त हो गई थी। उसकी अवधि बढ़ाने के लिए जन सेवा केंद्र 4.0 शुरू किया जा रहा है। इन केंद्रों पर आय, जाति, निवास और अन्य तमाम दस्तावेज आसानी से बनवाए जा सकते हैं।

## राहुल के निशाने पर सिर्फ हिंदू क्यों: रिजिजू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पितृसत्ता तोड़ो बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस पार्टी हिंदू परंपराओं को ही निशाना क्यों बनाती है और अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति पर चुप क्यों रहती है। रिजिजू ने सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेस के सामाजिक सुधार के तरीके को चुनिंदा बताया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी महिलाओं के साथ खड़ी है, तो उसे हर समुदाय की हर महिला के साथ खड़ा होना चाहिए।

राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में महिलाओं की आजादी और पितृसत्ता के मुद्दे पर एक घंटा 16 मिनट बात की थी। उन्होंने कहा, 'महिला की पहचान उसके पिता, पति या बेटे से नहीं होती, बल्कि उसकी अपनी पहचान होती है।'

# अमेरिका का ईरान की कमाई के 5 रास्तों पर बैन

## इनमें सोना, टेक्नोलॉजी और शिपिंग शामिल, कहा- जो देश बिजनेस करेंगे, उन पर भी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था के 5 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। जिनका इस्तेमाल ईरान दूसरे देशों में अपनी आर्थिक गतिविधियों के लिए करता है।

इनमें डिजिटल एसेट्स (जैसे क्रिप्टोकरेंसी), टेक्नोलॉजी, सोना, एविएशन और शिपिंग सेक्टर शामिल हैं। अमेरिका इन क्षेत्रों के जरिए ईरान की कमाई और अंतरराष्ट्रीय कारोबार को रोकना चाहता है।

यानी अगर कोई देश इन क्षेत्रों में ईरान के साथ ऐसा कारोबार करता है जिससे उसे पैसा या आर्थिक फायदा मिलता है। तो अमेरिका उस देश पर भी प्रतिबंध लगा सकता है या उसे अमेरिकी डॉलर की वित्तीय व्यवस्था से बाहर कर सकता है। अमेरिका ने अभी यह साफ नहीं किया है कि किन देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि, चीन, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात ईरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं।



### अमेरिका बोला- अब ईरान के पास सिर्फ दो रास्ते बचे

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा कि हमने 'ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट' शुरू किया है। यह ईरान और उसके सहयोगी देशों के खिलाफ एक अभियान है। ईरान के सामने अब सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला- पूरी तरह से दुनिया से अलग-थलग पड़ना और गुजारे लायक अर्थव्यवस्था। दूसरा- फिर से सामान्य स्थिति की ओर बढ़ना और वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर से शामिल होने का मौका पाना।



## खबर एक नजर...

### अंशुल गिरिया बने श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद नयापुरा के निर्विरोध अध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा नयापुरा के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में अंशुल गिरिया को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। नई कार्यकारिणी के अन्य सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन भी निर्विरोध हुआ है। श्री संघ के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पगारिया और जयेश भंडारी ने बताया कि कार्यकारिणी में अर्पित चपलोद और आनंद चत्तर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सौरभ चोरड़िया को सचिव, राहुल सकलेचा को सह सचिव, विपीन गादिया को कोषाध्यक्ष तथा पलाश डांगी व संजील लुक्कड़ को प्रचार मंत्री चुना गया है। यह निर्वाचन प्रक्रिया श्री संघ के वरिष्ठ सदस्य कपिल सकलेचा, उपाध्यक्ष नवीन गिरिया, सचिव राजेश पगारिया, सह सचिव प्रवीण गादिया, कोषाध्यक्ष अतुल चत्तर एवं निवर्तमान अध्यक्ष आशीष पीपाड़ा के सानिध्य में संपन्न हुई।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सम्मेलन में देवीशंकर तिवारी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**उज्जैन।** पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन में देवास के देवीशंकर तिवारी को निर्विरोध नया प्रांताध्यक्ष चुन लिया गया है। सम्मेलन में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य की सहमति से जुड़ी धारा 49-ए के कारण महंगाई राहत राशि में होने वाले विलंब की बाधा समाप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस लंबी समस्या का निराकरण करवाने पर कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा का स्वागत कर आभार माना गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि रमेशचंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में पेंशनर्स को उनके हितों की रक्षा और मांगों के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे सेवानिवृत्ति के बाद अपने व्यापक अनुभवों और सेवा कार्यों का लाभ समाज हित में दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निवर्तमान प्रांताध्यक्ष उजागर सिंह चौहान ने अपने तीन वर्ष के सफल कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इससे पहले उज्जैन इकाई के अध्यक्ष अरविंद किशोर भटनागर ने स्वागत भाषण देते हुए सम्मेलन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रांतीय सम्मेलन में उज्जैन, देवास, मुरैना, गुना और नीमच सहित प्रदेश के कई जिलों के पेंशनर्स शामिल हुए। समारोह का सफल संचालन महामंत्री हरिहर शर्मा ने किया तथा आभार कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र व्यास ने माना।

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर निर्मला कॉलेज में दिखाई इसरो मिशन की डॉक्यूमेंट्री

**उज्जैन।** निर्मला कॉलेज एवं निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विभिन्न मिशनों पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों, अनुसंधान और इसरो के महत्वपूर्ण अभियानों की जानकारी मिली। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और नई कल्पनाओं को प्रोत्साहित करता है। यह दिवस प्रेरणा देता है कि आकाश हमारी सीमा नहीं, बल्कि नई संभावनाओं की शुरूआत है। देश का अंतरिक्ष क्षेत्र निरंतर प्रगति पर है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को स्पेस विजन 2047 की दिशा में भारत की महत्वाकांक्षी यात्रा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में निर्मला कॉलेज के निदेशक डॉ. एंटनी जोसफ निरप्पेल, निर्मला कॉलेज की प्राचार्य एवं अकादमिक निदेशक प्रो. डॉ. कीर्ति डिड्डी, निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ. पंकजा सोनवलकर, डॉ. राजीव त्रिवेदी, डॉ. नितिन जौहरी, अंजलि बी. रोज सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। आयोजन का संचालन सहायक प्राध्यापक मेघना नाहर ने किया और आभार सह-प्राध्यापक डॉ. विश्वास तिवारी ने माना।

### सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल का सम्मान

**उज्जैन।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष मनोनीत होने पर सामाजिक संस्थाओं, प्रतिष्ठित नागरिकों एवं मित्र मंडली ने उनका शानदार स्वागत कर अभिनंदन किया। समारोह में सभी वक्ताओं ने इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। इस गरिमामय समारोह में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल कालूहेड़ा, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी और संचालक विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्य सुरेश मोढ, शैलेश कलवाडिया, मिथिलेश बड़ेका, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मानक लाल गिरीया, भाजपा वरिष्ठ नेता श्याम बंसल, शक्ति सिंह चौधरी, ईश्वर पटेल, मंडी अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, ट्रस्टी मधुर चौधरी, संदीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, दीपक मित्तल, रवि प्रकाश बंसल और जय किशन अग्रवाल भी शामिल हुए।

# संविदा की तर्ज पर आउटसोर्स कर्मचारियों का भी हो संविलियन

## उज्जैन में प्रांतीय अधिवेशन संपन्न, कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष को सौंपा 22 सूत्रीय ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलनाथ रोड स्थित धन्वंतरि आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 23 अगस्त को मध्यप्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें प्रदेशभर के शासकीय विभागों, निगमों और मंडलों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने सेवा सुरक्षा, वेतन और नियमितीकरण पर मंथन किया। अधिवेशन में प्रमुखता से यह मांग उठी कि जिस तरह संविदा कर्मियों को नियमित किया जा रहा है, उसी तर्ज पर वर्षों से सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का भी संविदा पदों पर संविलियन किया जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।




अधिवेशन के दौरान कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। शर्मा ने आश्वस्त किया कि जल्द ही संघ के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई जाएगी, ताकि इन विषयों को उनके समक्ष रखा जा सके। बैठक में उज्जैन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का एरियर अब तक न मिलने का मुद्दा भी गूंजा, जिसके शीघ्र भुगतान के प्रयास पर चर्चा हुई।

तीन सत्रों में संचालित इस अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमेश चंद्र शर्मा ने किया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह सिसोदिया ने की। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री मनोहर गिरी, प्रदेश महामंत्री प्रकाश पुंज चौधरी, आदित्य तिवारी, वर्षा शर्मा, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, डॉ. रामतीर्थ शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्रकांत फटाले, राजीव सिंह सेंगर, डॉ. रत्नाकर, राधे मोहन, विजय परिहार और घनश्याम जोशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए अब प्रदेश के हर जिले में प्रांतीय स्तर की बैठकें होंगी। इनके माध्यम से कर्मचारियों की विभागवार समस्याओं को शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। संघ ने ईपीएफ, ईएसआई, सामाजिक सुरक्षा और लंबित वेतन जैसे मुद्दों के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## प्रेस क्लब में संतोष सुपेकर की कृति का विमोचन, लोको पायलटों के जीवन और संघर्ष का सजीव चित्रण

# हिंदी कथा साहित्य में नई जमीन तोड़ता है उपन्यास 'ढाई इंच पर दौड़ती जिंदगी' कृति का विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय रेल के लोको पायलटों के कठिन जीवन, अंतर्बाह्य संघर्ष और पीड़ा को उकेरने वाले संतोष सुपेकर के उपन्यास 'ढाई इंच पर दौड़ती जिंदगी' का प्रेस क्लब में विमोचन किया गया। प्रेमचंद सृजन पीठ और सरल काव्यांजलि के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में साहित्यकारों और समालोचकों ने इस कृति को हिंदी साहित्य का एक दुर्लभ और प्रामाणिक कार्य बताया। यह उपन्यास मनुष्य जीवन के यंत्रवत हो जाने की त्रासदी को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करता है।

समारोह के सारस्वत अतिथि और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह उपन्यास हिंदी कथा साहित्य में एक नई जमीन तोड़ता है। आम आदमी और किसान पर बहुत लिखा गया है, लेकिन लोको पायलट के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक संघर्ष पर यह एक दुर्लभ कार्य है। मुख्य अतिथि एवं विक्रम विवि कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि यह कृति लोको पायलट की कठिन सेवा और उनके रोमांचकारी अनुभवों का सटीक निचोड़ है।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध मालवी कवि डॉ. शिव चौरसिया ने कहा कि लेखक ने रेल की जिंदगी में डूबकर अपने सफर को बखूबी व्यक्त किया है। विशेष अतिथि देवास के सुप्रसिद्ध कथाकार मनीष वैद्य ने इसे अनछुए विषय पर लाजवाब रचना बताया। देवास के ही विशेष अतिथि मनीष शर्मा ने कहा कि सुपेकर ने इस उपन्यास के जरिए रेल का दूसरा पक्ष सामने रखा है। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि लघुकथाकार के रूप में विख्यात सुपेकर अब उपन्यास लेखन के लिए भी जाने जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना डॉ. राजेश रावल ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत सरल काव्यांजलि के अध्यक्ष डॉ. संजय नागर, दिनेश दिग्गज, मानसिंह शरद, रमेश जाजू, संतोष सुपेकर, राजेन्द्र नागर, डॉ. पुष्पा चौरसिया, संदीप नागर, हर्ष सैनी, अनिल चौबे और नितिन पोल ने किया। समारोह में दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक राजशेखर व्यास, डॉ. जगदीश शर्मा, डॉ. विश्वामित्र राय, डॉ. उर्मि शर्मा, डॉ. प्रीति जोशी, डॉ. रश्मि मोयदे, डॉ. पांखुरी वक्त, संदीप सृजन, डॉ. स्वामीनाथ पांडेय, डॉ. वंदना गुप्ता, आशागंगा शिरढोणकर, राजेश ठाकुर, आशीष अश्क, देवास के कहानीकार हिमांशु कुमावत, वी.एस. गहलोत, डॉ. नेत्रा रावणकर, सुगनचंद जैन, डॉ. संगीता कारलेकर, डॉ. मोहन बैरागी, अशोक रावणकर, एम.जी. सुपेकर, भूषण और अनिल पांचाल उपस्थित थे। अतिथियों को स्मृति चिह्न संतोष सुपेकर और राजेन्द्र देवधरे दर्पण ने भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश लेखक संघ के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह ने किया और आभार नितिन पोल ने माना।

### भौम प्रदोष पर हाटकेश्वर महादेव का 32 दिव्य औषधियों से होगा अभिषेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पवित्र श्रावण मास के तहत भौम प्रदोष के पावन अवसर पर मंगलवार 25 अगस्त को हाटकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष महारुद्राभिषेक और सहस्त्रधारा का आयोजन किया जाएगा। हाटकेश्वर समिति द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान में 75 विद्वान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का 32 दुर्लभ और दिव्य औषधियों से अभिषेक होगा। पूजन के बाद विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

समिति के अनुसार विशेष मंत्रों और औषधियों से होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति, ग्रह शांति और मानसिक क्लेश से राहत प्रदान करना है। समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि श्रावण मास में हाटकेश्वर समिति द्वारा हर सोमवार को भगवान महादेव का विभिन्न औषधियों से अभिषेक और शाम को फलाहारी भोग अर्पित किया जा रहा है। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर दर्शन व पूजन का लाभ ले रहे हैं। भौम प्रदोष पर सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक अनुष्ठानों का क्रम जारी रहेगा। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक महारुद्राभिषेक, सहस्त्रधारा, रुद्राक्ष माला वितरण और महाप्रसाद का आयोजन होगा। वहीं, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक वैदिक हवन किया जाएगा। प्रदोष काल में भगवान महादेव का एक बार फिर विशेष औषधियों और पवित्र रसों से अभिषेक कर पूजन होगा। हाटकेश्वर समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन में उपस्थित होकर विश्व कल्याण की सामूहिक प्रार्थना में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

## हरित भविष्य की ओर निरंकारी मिशन का कदम, शंकरगढ़ टेकरी पर रोपे 116 पौधे




### 'वननेस वन' अभियान के तहत देशभर में लगे 2 लाख से अधिक पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आजादी पर्व के पखवाड़े के तहत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'वननेस वन' अभियान के छठे चरण में व्यापक पौधरोपण किया गया। रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय परिसर और देवास स्थित शंकरगढ़ टेकरी पर सघन पौधरोपण हुआ।

सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज और निरंकारी राजपिता रमितजी के आशीर्वाद से देशभर की 630 से अधिक शाखाओं में यह अभियान संपन्न हुआ, जिसमें 2 लाख से अधिक पौधे लगाए गए। इसी क्रम में उज्जैन में विक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्राम भवन के सामने सुमन भवन के पास निरंकारी साध-संगत ने 80 पौधे रोपे, जबकि देवास की शंकरगढ़ टेकरी पर 36 पौधे लगाए गए।

इस अभियान में वृक्ष मित्र उज्जैन संस्था का भी विशेष सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष अजय भातखंडे ने बताया कि अब तक सघन वन पद्धति से लगभग 55 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। वृक्ष मित्र हर रविवार दो घंटे पौधों की देखभाल करते हैं, जिसमें खरपतवार हटाना, खाद-पानी देना और पौधे के वृक्ष बनने तक उसका संवर्धन करना शामिल है। रविवार की सेवा में निरंकारी समाज के सेवादारों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रमदान किया और यह संकल्प लिया कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को आकर पौधों की सेवा करेंगे।

## श्रीराम विजय वाटिका में शिव महापुराण कथा का विश्राम

# शंखनाद समिति के आयोजन में आज निकलेगी कलश यात्रा, विसर्जन जुलूस में शामिल हुई झांकियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड पवांसा स्थित श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का सोमवार 24 अगस्त को विश्राम हो गया। कथा विश्राम के अगले दिन मंगलवार 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी, नीमनवासा और शंकरपुर क्षेत्र की संयुक्त विशाल कलश व शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के अनुसार इस यात्रा में पांच हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

कथा के दौरान ज्योतिषाचार्य अजय शंकर तिवारी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक सुमधुर वाचन किया गया। सोमवार को निकले कथा विसर्जन जुलूस में राधा-कृष्ण, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, राम-सीता और हनुमान जी की मनमोहक झांकियां शामिल हुईं। इस अवसर पर हजारी हनुमान मंदिर के घासीदास महाराज, कैलाश जोशी, महेंद्र व्यास, सुरेश गोठी, अनिल शर्मा,




आनंदीलाल, बद्रीलाल वर्मा, राजेश राठौड़, पाटीदार, त्रिपाठी, इंद्रमणि राजपूत, एडवोकेट हरदयाल सिंह ठाकुर, मलखान सिंह, अनिल सिंह राजपूत और श्यामबहादुर सिंह बघेल ने गुरुजी का आत्मीय स्वागत किया।

आयोजन में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

समिति के संयोजक आनंद खींची, अध्यक्ष संजय पवार और कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गोंड के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में भागीरथ सिंह गोंड, अनूप सिंह अटल, संतोष सिंह गोंड, अंतर सिंह अटल, विजय सिंह अटल, दीप सिंह अटल, समन्दर सिंह अटल, अनिल सिंह गोंड, इन्द्रमणि राजपूत, बंशीलाल भाटी, हरीश सोलंकी, रमेश गुर्जर, तूफान मालवीय, राजेश सिंह, लक्ष्मण सिंह चंदेल, जीवन लाल रायकवार, लक्की दरबार, संदीप रायकवार, भावेश वर्मा, मुन्ना रायकवार, परमानंद प्रजापत, पुरुषोत्तम मालवीय, देवेन्द्र कुशवाह, कमल दयाजी, विशाल त्रिवेदी, धर्मा ठाकुर, अनिल गिरि, श्याम बहादुर पासवान, रामेश्वर पासवान, प्रेम राठौर, बबलू नायक, सुरेश चौहान, प्रीतम सिंह, दशरथ चौहान, रामेश्वर राठौर, राधेश्याम राठौर, जसवंत लोहार, नरेन्द्र लोहार, कमल लोहार, राजू देवड़ा, राजाराम ठेकेदार, मुकेश देवल, लखन भरवाबत, खन्ना बंजारा, केशवेंदर चौहान, लता मालवीय डाला, राजश्री चौहान, जया गुर्जर, फूला बाई और पूजा भराबत सहित शंखनाद संस्था के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## भद्रा मुक्त रहेगा इस वर्ष का रक्षाबंधन, चंद्र ग्रहण का सूतक नहीं

# 28 को मनेगा पर्व, बहनें अभिजीत मुहूर्त में बांध सकेंगी राखी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इस वर्ष रक्षाबंधन का पावन पर्व 28 अगस्त, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन चंद्र ग्रहण को लेकर चर्चा है, लेकिन यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए देश में इसका सूतक और धार्मिक प्रभाव मान्य नहीं होगा। बहनें बिना किसी संशय के शुभ मुहूर्त में भाइयों को राखी बांध सकेंगी। इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया भी नहीं रहेगा। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह, विश्वास और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है।

मातंगी ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र के ज्योतिर्विद अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि पूर्णिमा तिथि प्रातः 9:48 बजे तक रहेगी। राहुकाल सुबह 10:46 से दोपहर 12:22 बजे तक रहेगा। राखी बांधने के लिए अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:22 से 1:05 बजे तक और गोधूलि मुहूर्त शाम 6:57 से 7:19 बजे तक श्रेष्ठ है। पूजन थाली में राखी, रोली, कुमकुम, साबुत चावल, दीपक, जल से भरा पात्र,



मिठाई, नारियल, रुमाल और पुष्प रखना चाहिए। रक्षासूत्र बांधते समय 'येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल' मंत्र का उच्चारण करना चाहिए।

### पौराणिक मान्यताएं और लोक परंपराएं

ज्योतिर्विद अजय व्यास ने बताया कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण व द्रौपदी, भविष्य पुराण में इंद्राणी द्वारा देवराज इंद्र को रक्षासूत्र बांधने और माता लक्ष्मी द्वारा राजा बलि को राखी बांधकर भगवान विष्णु को वापस वैकुंठ ले जाने की कथाओं से जुड़ा है। देश के विभिन्न हिस्सों में इसकी अलग-अलग परंपराएं हैं। महाराष्ट्र में इसे नारळी पूर्णिमा कहा जाता है। कई क्षेत्रों में रामराखी, चूड़ाराखी और लूंबा बांधने का भी चलन है, जिसमें भाभी की चूड़ियों में रक्षासूत्र बांधकर मंगलकामना की जाती है। पं. अजय व्यास के अनुसार श्रावण मास की पूर्णिमा पर यज्ञोपवीतधारी ब्राह्मणों द्वारा श्रावणी उपाकर्म और हेमाद्रि स्नान किया जाता है। इसमें गोदुग्ध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र से बने पंचगव्य तथा कुशा के प्रयोग से वेदमंत्रों के साथ प्रायश्चित्त और शुद्धि कर्म होते हैं। तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और ओडिशा सहित दक्षिण भारत में इसे अवनि अवित्तम कहा जाता है। इस अवसर पर स्नान, ऋषि-तर्पण और वैदिक कर्म करते हुए पुराना यज्ञोपवीत त्यागकर नया यज्ञोपवीत धारण किया जाता है, जो आत्मशुद्धि और वैदिक जीवन के संकल्प का प्रतीक है।

### मुकेश लखवानी बने भारत विकास परिषद क्षिप्रा शाखा के अध्यक्ष

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद क्षिप्रा शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुकेश लखवानी ने अध्यक्ष, ज्योति पोरवाल ने सचिव और गौरव अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। इनके साथ ही नई कार्यकारिणी और नवीन सदस्यों ने भी दायित्व ग्रहण किया।
समारोह में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर शैलेशानन्द गिरि महाराज और विशिष्ट अतिथि मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन उपस्थित थे। अतिथियों ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित कर मार्गदर्शन दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश लखवानी ने अपने पहले उद्बोधन में परिषद के मूल मंत्र 'सेवा और संस्कार' पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय संरक्षक संजय अग्रवाल ने की। दायित्व अधिकारी के रूप में राजेश पंड्या उपस्थित थे। इस अवसर पर अन्य सहयोगी शाखाओं के पदाधिकारियों ने नई टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण प्रमुख रितु घाटिया ने किया तथा आभार सचिव ज्योति पोरवाल ने माना।

## महाकाल की सवारी की पहली बार लाइव पेंटिंग, उकेरे भगवान के स्वरूप



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी के दौरान इतिहास में पहली बार लाइव पेंटिंग की जा रही है। फाल्गुनी चित्रकला केंद्र द्वारा विशाल कैनवास पर बाबा महाकाल की पालकी और उनके विविध स्वरूपों को कला के माध्यम से सजीव किया जा रहा है। संस्था द्वारा महाकाल मंदिर में यह कला सेवा पूरी तरह से निशुल्क दी जा रही है, इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

संस्था की संस्थापिका फाल्गुनी अग्रवाल ने बताया कि सवारी में भगवान जिस स्वरूप में भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं, उसी का सजीव चित्रण किया जा रहा है। अब तक चंद्रमौलेश्वर, गरुड़, मनमहेश और चतुर्थ सवारी के उमा-महेश स्वरूप की लाइव पेंटिंग की गई है। इस कार्य में विवेक, आरुषि, देवकृति और श्रेयांश सहित संस्था के कई विद्यार्थी उत्साह से भाग ले रहे हैं।संस्था महाकाल की कला-सेवा में लंबे समय से सक्रिय है। इससे पहले फाल्गुनी चित्रकला केंद्र श्री महाकाल लोक की 200 मूर्तियों और 108 स्तंभों को मात्र 35 पेंटिंग में उकेर कर वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना चुका है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अस्थिरं जीवितं लोके ह्यस्थिरे धनयौवने।
अस्थिराः पुत्रदाराश्च धर्मः कीर्तिर्द्वयं स्थिरम्।।

**अर्थः** इस परिवर्तनशील दुनिया में धन, पुत्र, पत्नी और जवानी यह सब एक ही समय में बदल जाता है लेकिन केवल धर्म और प्रसिद्धि दो ऐसी चीजें हैं जो कभी नहीं बदलती, हमेशा स्थिर रहती हैं।

## खबर एक नजर...

### एक ही जगह टीवी और ओटीटी का मजा, वीजेडवाई की बिक्री 200 करोड़ पार

**इंदौर।** सोमवार को दर्शक मनोरंजन के लिए अलग-अलग डिवाइस और प्लेटफॉर्म के बीच नहीं उलझना चाहते। वे लाइव टीवी, ओटीटी और अपनी पसंद का कंटेंट एक ही जगह आसानी से देखना चाहते हैं। इसी बदलती पसंद के बीच डिश टीवी ग्रुप के कनेक्टेड एंटरटेनमेंट पोर्टफोलियो का हिस्सा वीजेडवाई स्मार्ट टीवी लॉन्च के पहले ही साल में 200 करोड़ रुपए से अधिक की कुल बिक्री दर्ज कर चुका है। वीजेडवाई में लाइव टीवी चैनल, ओटीटी ऐप्स और एवीओडी कंटेंट एक ही इंटरफेस पर उपलब्ध हैं। इसमें पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होती, जिससे ग्राहकों को टीवी और स्ट्रीमिंग का आसान और एकीकृत अनुभव मिलता है। चुनिंदा मॉडल खरीदने पर 30,000 रुपए तक के विशेष कंटेंट लाभ भी दिए जा रहे हैं।

### पार्किंग में खड़े स्कूटर की डिक्की से 1.60 लाख चोरी

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके के लोटस पार्क में घर की पार्किंग में खड़े इलेक्ट्रिक स्कूटर की डिक्की तोड़कर बदमाश 1.60 लाख रुपए और दो ड्राइविंग लाइसेंस चोरी कर ले गए। फर्नीचर कारोबारी ने दुकान से लौटने के बाद गाड़ी पार्किंग में खड़ी की थी। सुबह गाड़ी चार्जिंग पर लगाने पहुंचे तो डिक्की टूटी मिली। फरियादी कैलाश साहू (66) निवासी लोटस पार्क ने पुलिस को बताया कि वह यश फर्नीचर हाउस नाम से फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। 22 अगस्त को उन्होंने बेटे विजेंद्र को कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए 10 हजार रुपए दिए थे, जबकि शेष 1.60 लाख रुपए इलेक्ट्रिक स्कूटर की डिक्की में रखे थे। पुलिस पार्किंग और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### कार्रवाई नहीं करने के बदले मांगे 1.2 लाख, क्राइम ब्रांच के पूर्व इंस्पेक्टर समेत चार पर केस

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच के एक तत्कालीन निरीक्षक, एक आरक्षक, एक ड्राइवर और एक अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि एक युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और उसे छोड़ने के बदले 1.20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। लोकायुक्त के अनुसार, तुलसी नगर निवासी प्रीति हजारी ने 2 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र प्रांजल हजारी को एक शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच बुलाया गया। वहां तत्कालीन निरीक्षक सुजीत श्रीवास्तव और अन्य पुलिस कर्मियों ने प्रांजल पर कार्रवाई नहीं करने के एवज में 1 लाख 20 हजार रुपए की मांग की। शिकायत के अनुसार 20 मार्च 2026 को 50,800 रुपए यूपीआई के माध्यम से इंदौर निवासी दीपक पटेल के खाते में ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद शेष 70 हजार रुपए नकद लिए गए। इन सभी के सबूत लोकायुक्त को उपलब्ध कराए थे। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त राजेश सहाय की निगरानी में जांच हुई। शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर सोमवार को तत्कालीन निरीक्षक सुजीत श्रीवास्तव, आरक्षक विकास सेंधव, ड्राइवर अभय सिंह और दीपक पटेल के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### अकाउंट में 40 हजार जमा होने का फेक मैजेस भेज 39 हजार 999 रुपए ठगे

**इंदौर।** साइबर ठगों ने एक युवक के खाते में 40 हजार रुपए जमा होने का फर्जी मैसेज भेजकर 39,999 रुपए ठग लिए। ठग ने फोन कर कहा कि उससे गलती से 40 हजार रुपए खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। मेरी पी अस्पताल में भर्ती है, इसलिए रुपए तत्काल वापस चाहिए। बातों में आए युवक ने ठग के भेजे बारकोड पर आठ बार में रकम ट्रांसफर कर दी। फरियादी मनु यादव (28) निवासी ग्राम भांग्या ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई को एक नंबर से मैसेज आया। इसमें मेरे खाते में 40 हजार रु. जमा होने की जानकारी दी गई। कुछ देर बाद उसी नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा गलती से पैसे आपके अकाउंट में ट्रांसफर हो गए, आप लौटा दो। उसने आठ बारकोड भेजे। मैंने पैसे लौटाने के बाद बैसेंस चेक किया तो पता चला पैसे आए ही नहीं थे।

### इंदौर-नागपुर वंदे भारत को बिलासपुर तक चलाने की तैयारी

**इंदौर।** इंदौर से बिलासपुर जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को बिलासपुर तक चलाने की तैयारी कर ली है। रेलवे ने इसका प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है। यदि मंजूरी मिल गई तो यात्रियों को नागपुर पहुंचकर बिलासपुर जाने के लिए ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अभी वंदे भारत ट्रेन इंदौर से नागपुर तक जाती है। वहां से नागपुर-बिलासपुर और बिलासपुर नागपुर दो अलग-अलग ट्रेनें चलती हैं, रेलवे ने इन दोनों ट्रेनों की जगह इंदौर-बिलासपुर के बीच सीधी वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। अगर इंदौर और बिलासपुर दोनों ओर से ट्रेन चलेगी तो इससे यात्रियों को फायदा होगा। इंदौर-नागपुर ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित होती है, यह ट्रेन शनिवार छोड़कर बाकी छह दिन चलाई जाएगी। रेलवे एक्सपर्ट नागेश नामजोशी ने कहा जब इंदौर-भोपाल के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन होता था। ट्रेन ज्यादातर समय खाली चल रही थी, तभी इस ट्रेन को बिलासपुर तक चलाने का भी प्रस्ताव दिया गया था। हालांकि रेलवे ने इसे नागपुर तक चलाया, इसके बाद ट्रेन में ज्यादातर समय सीटें फुल रहने लगीं।

---

**पहले सोना महंगा हुआ, अब मिठाई की बारी : एक महीने में 27 रुपये प्रतिकिलो महंगी हुई शक्कर**

# राखी पर मिठाई और पकवानों का बढ़ेगा बजट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भाई-बहन के उत्साह के पर्व राखी को तीन दिन बचे हैं और शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। राजबाडा, मारोठिया, क्लाथ मार्केट, पाटनीपुरा, विजय नगर, स्कीम 78 सहित शहर के प्रमुख बाजारों में राखी, मिठाई, नारियल और गिफ्ट की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। हालांकि इस बार त्योहार की तैयारियों के बीच महंगाई भी जेब पर असर डाल रही है। खासकर शक्कर के भाव में एक महीने में करीब 27 रुपए प्रति किलो की तेजी ने मिठाई और घर में बनने वाले पकवानों का बजट बढ़ा दिया है।

करीब एक महीने पहले तक 45 रुपए किलो बिकने वाली शक्कर अब 70 से 72 रुपए किलो तक पहुंच गई है। यानी त्योहार से पहले ही शक्कर करीब 60 फीसदी तक महंगी हो गई है। इसका सीधा असर घरों के किचन से लेकर मिठाई की दुकानों तक दिखाई देने की संभावना है।

राखी पर घरों में मिठाई और पकवान बनाने की परंपरा है। ऐसे में शक्कर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट प्रभावित होना तय है। वहीं बाजार की मिठाई में सिर्फ शक्कर ही नहीं, बल्कि दूध, मावा, ड्रायफ्रूट, गैस, श्रम और पैकेजिंग जैसी लागत भी शामिल होती है। ऐसे में कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर तैयार मिठाई के दाम पर भी पड़ सकता है।

शरद सोनी ने बताया कि जितना कमा रहा हूं, उससे घर का खर्च पूरा नहीं हो पा रहा है। महंगाई बढ़ती जा रही है, तो गरीब क्या खाएगा? कम से कम हर व्यक्ति की रोजाना आय 1 हजार रु. होनी चाहिए। शारदा पाटिल ने कहा कि महंगाई की वजह से बाजार की रौनक ही चली गई है। रोजगार छीनकर महंगाई बढ़ा दी गई है।





### आम आदमी का सवाल- त्योहार की मिठास कैसे रहे बरकरार

महंगाई के बीच लोगों का कहना है कि त्योहार की खुशियों पर खर्च कम करना आसान नहीं है, लेकिन रोजमर्रा की जरूरतों के बढ़ते खर्च के कारण बजट संभालना चुनौती बन गया है। लोगों की मांग है कि सरकार जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर निगरानी रखे। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि अर्थव्यवस्था में बदलाव के साथ आय और आमदनी भी बढ़ रही है, इसलिए बढ़ती कीमतों के बीच लोगों को अपनी खर्च क्षमता और प्राथमिकताओं के अनुसार आगे बढ़ना होगा। कुल मिलाकर इस बार राखी के बाजार में उत्साह तो पूरा है, लेकिन महंगाई ने खरीदारी का गणित जरूर बदल दिया है। शक्कर के बढ़े दामों का असर मिठाई और घरेलू पकवानों पर कितना पड़ता है, यह त्योहार के अंतिम दिनों में बाजार के भाव से और साफ होगा। शक्कर कारोबारी भरत वैष्णव शक्कर के भाव में 30-40% तक बढ़ोतरी हो सकती है। किलो के भाव में भी इसका असर देखने को मिलेगा, क्योंकि हमारा पूरा व्यापार शक्कर पर ही निर्भर है। मिठाई व्यापारी चेतन का कहना है अगर शक्कर के भाव कम नहीं होते हैं तो मिठाई की कीमत में 30-40% तक बढ़ोतरी होगी, क्योंकि हमारा पूरा काम शक्कर से ही चलता है।

### महंगाई के बावजूद बाजार में उत्साह

- शक्कर और अन्य सामान महंगे होने के बावजूद राखी की खरीदारी पर इसका खास असर नहीं दिख रहा है। त्योहार से पहले बाजारों में ग्राहकी बढ़ी है। बहनों के लिए राखी खरीदने के साथ भाई-बहन एक-दूसरे के लिए उपहार और मिठाई भी खरीद रहे हैं। हालांकि ग्राहक अब खरीदारी करते समय कीमतों की तुलना जरूर कर रहे हैं। पहले जहां त्योहार पर कई चीजें बिना ज्यादा सोचे खरीद ली जाती थीं, वहीं अब लोग बजट बनाकर खर्च करने की बात कह रहे हैं। खास बात यह कि इस बार राखी माह के अंत में हैं। ऐसे में लोग बजट के हिसाब से ही खरीदी कर रहे हैं।
- **सराफा में चांदी की राखियों को लेकर उठाव-** उधर, इंदौर में सराफा बाजार में ग्राहकों का एक महिला वर्ग वह है जो सालों से भाइयों के लिए चांदी की राखी खरीदता है। सराफा व्यवसायियों का कहना है कि सरकार द्वारा सोना पहनने को मना किया जा रहा है, इसलिए चांदी में उठाव आया है। लोग सोने से परहेज कर रहे हैं, इसलिए चांदी में ज्यादा निवेश और रुचि दिखा रहे हैं। चांदी में राखी की डिजाइनों की वैरायटी भी ज्यादा है, इसलिए हर साल के मुकाबले इस बार इसकी बिक्री ज्यादा है। विजय वर्मा ने बताया कि चांदी की राखियों की मांग ज्यादा रही है। लोगों में चांदी की राखियों को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। अजय जैन का कहना है कि सीजन उम्मीद से काफी धीमा चल रहा है। राखियों की कीमतें ग्राहकों के बजट से बाहर जा रही है? अभिषेक जैन का कहना है कि हल्के वजन के सोने और चांदी में अच्छा सीजन चल रहा है। पिछले साल के मुकाबले लोगों की चांदी में रुचि ज्यादा है। चांदी के दूसरे आर्टिकल्स की बिक्री भी अच्छी हो रही है।

### लेकिन इतनी तेजी ने बढ़ाई चिंता

त्योहारी सीजन में शक्कर की मांग बढ़ना सामान्य है। मिठाई की दुकानों के साथ घरों में भी इसकी खपत बढ़ जाती है। ऐसे में कुछ तेजी स्वाभाविक मानी जाती है, लेकिन 45 से 72 रुपए किलो तक पहुंचना बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। शक्कर के दाम बढ़ने के पीछे उत्पादन और उपलब्धता, गन्ने की फसल, त्योहारी मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार की परिस्थितियों जैसे कई कारण बताए जा रहे हैं। बाजार में जमाखोरी की आशंका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

### एथेनॉल को लेकर भी चर्चा

शक्कर की कीमतों में तेजी के बीच गन्ने के इस्तेमाल और एथेनॉल उत्पादन को लेकर भी चर्चा है। कुछ लोगों का मानना है कि गन्ने के एक हिस्से का उपयोग एथेनॉल उत्पादन में होने से शक्कर की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। हालांकि इस संबंध में अलग-अलग पक्षों के अलग तर्क हैं। ऐसे में मौजूदा तेजी के पीछे किसी एक कारण को जिम्मेदार मानना फिलहाल आसान नहीं है।

---

**धार्मिक यात्राएं निकलने की पूर्व सूचना के बाद भी नहीं संभाल सके हालात**

# पुलिस का डायवर्शन प्लान फेल, जवाहर मार्ग और एमजी रोड थमे, लोग परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर में सोमवार को धार्मिक यात्राओं और रक्षाबंधन की खरीदी के दौरान पुलिस का ट्रैफिक मैनेजमेंट पूरी तरह ध्वस्त नजर आया। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक राजबाड़ा क्षेत्र के कृष्णपुरा पुल, नगर निगम रोड, संजय सेतु ब्रिज, नंदलालपुरा, यशवंत रोड गुरुद्वारा चौराहा और मृगनयनी से रीगल चौराहे तक वाहन 3 घंटे रेंगते रहे। पूर्व घोषित आयोजनों के बावजूद ट्रैफिक पुलिस कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं कर सकी। पुलिस द्वारा किए गए डायवर्शन ही आमजन के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गए, जिससे वाहन चालक संकरे रास्तों में फंसकर परेशान होते रहे। वहीं शाम को सुपर कॉरिडोर से एमआर-10 तक भारी जाम लगा रहा।

सुबह 9 बजे से पुलिस बल तैनात था। नंदलालपुरा से संजय सेतु आने वाले मार्ग पर चार पहिया चालकों को मृगनयनी से वापस लौटाया गया, जिससे चौराहे पर ही गाड़ियां पलटाने की होड़ मच गई और रामबाग की तरफ जाम लग गया। इसके बाद जेल रोड चौराहे (तीन इमली के पास) दूसरी बैरिकेडिंग की गई, जहां ई-रिक्शा और ऑटो चालकों ने रानीपुरा जाने वाला रास्ता ब्लॉक कर दिया।



**घंटे फंसा शहर, सोशल मीडिया पर निकला लोगों का गुस्सा-** मुख्य मार्गों पर मंच : राजबाड़ा के मध्य क्षेत्र में यात्राओं के स्वागत के लिए मुख्य मार्गों पर मंच लगाए गए थे, जिससे पीक ऑवर्स में जाम लगा। पश्चिम क्षेत्र से दफ्तर और व्यापार के लिए निकले चालकों को राजबाड़ा पहुंचते ही परेशानी झेलनी पड़ी।

**पार्किंग के इंतजाम नहीं:** रक्षाबंधन की खरीदी के लिए ग्रामीण अंचलों से आए बाहरी वाहन चालकों को डायवर्शन के कारण राजबाड़ा के आसपास पार्किंग तक नसीब नहीं हुई। वाहनों को मृगनयनी से एमजी रोड की तरफ नहीं जाने दिया गया।

**संजय सेतु पर दबावः** मृगनयनी चौराहे से बड़े वाहनों को संजय सेतु की ओर डायवर्ट किया गया, जिससे पूरे ब्रिज पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

**समय पर नहीं पहुंचे दफ्तर :** महू नाका और कलेक्ट्रेट से पंढरीनाथ होकर जवाहर मार्ग आने वाले चालक नंदलालपुरा और गुरुद्वारा चौराहे पर फंसे रहे।

**ऑनलाइन फूटा गुस्साः** जाम में फंसे राहगीरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर बदहाली उजागर की। कई लोगों ने ग्रुप्स में लचर इंतजामों को लेकर मैसेज पोस्ट किए।

### हमारी टीमें तैनात रहीं

शहर में यात्राओं के मुख्य मार्गों से गुजरने के कारण कुछ स्थानों पर दबाव बना, लेकिन हमारी टीमें लगातार तैनात रहीं। डायवर्शन पॉइंट केवल चार पहिया वाहनों के लिए थे। संकरे रास्तों पर वाहन फंसने पर तुरंत मोबाइल पार्टियां भेजकर यातायात सुचारु कराया गया।

राजेश कुमार त्रिपाठी, डीसीपी ट्रैफिक

---

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर से जमीन के नाम पर धोखाधड़ी

**इंदौर में 62.50 लाख लेकर भी नहीं कराई रजिस्ट्री चार साल बाद डीएसपी ने कराई एफआईआर**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजेंद्र नगर में जमीन के नाम पर रिटायर्ड बैंक मैनेजर से 62 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। करीब चार साल से थाने के चक्कर लगा रहे पीड़ित की शिकायत और अब डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत के निर्देश पर पुलिस ने दो रिश्तेदारों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजेंद्र नगर पुलिस ने अतुल पंडित की शिकायत पर हरीश पुत्र नारायण राव आदले निवासी प्रगति नगर और योगेश भटाने निवासी तिवारी नगर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक अतुल पंडित ग्रामीण बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक के पद से अप्रैल 2021 में सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद उन्हें एरियर और अन्य लाभ के रूप में एकमुश्त राशि मिली थी। इसी दौरान उनके रिश्तेदार हरीश ने बिजलपुर में अपनी बेशकीमती कृषि भूमि होने की बात बताई। उसने दावा किया कि भविष्य में जमीन का व्यावसायिक उपयोग होने पर उसकी कीमत काफी बढ़ जाएगी। जमीन के सौदे की बात पर अतुल पंडित ने वर्ष 2021 से जून 2022 के बीच आरोपियों को करीब 62 लाख 50 हजार रुपए दिए। इसमें से कुछ राशि हरीश के भांजे योगेश के खाते में भी जमा कराई गई। राशि लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन का कब्जा नहीं दिया और न ही रजिस्ट्री कराई। काफी समय बीतने के बाद अतुल ने रकम वापस मांगी और पुलिस में शिकायत करने की बात कही। इसके बाद आरोपियों ने 31 लाख 90 हजार रुपए लौटा दिए, लेकिन शेष राशि देने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि बाकी रकम मांगने पर आरोपी आत्महत्या करने और उसे मामले में फंसाने की धमकी देने लगे। परेशान होकर अतुल पंडित ने कुछ दिन पहले डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत से मुलाकात कर दस्तावेजों के साथ शिकायत की। डीसीपी ने शिकायत और दस्तावेजों की जांच कराई। प्रथम दृष्टया मामला सही पाए जाने के बाद राजेंद्र नगर पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

---

# ऊना-इंदौर ट्रेन के एसी कोच में चूहों ने 78 साल के पूर्व सीआईएसएफ अफसर की नाक कुतरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

ऊना हिमाचल-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली स्टेशन के पहले फर्स्ट एसी कोच में 78 वर्षीय एचपी करण (रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडर, सीआईएसएफ) की सोते समय चूहे ने नाक कुतर ली। जब उन्हें दर्द हुआ तो नींद खुली। इसके बाद उन्होंने परिजन को उठाया। इंदौर आने के बाद उन्होंने निजी अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन लगाए। परिवार के लोगों का आरोप है कि घटना के चार घंटे बाद आगरा में प्राथमिक उपचार मिला। सोशल मीडिया पर रेलमंत्री को शिकायत कर मदद मांगी। एचपी करण के बेटे का इंदौर तबादला हुआ है। वे बेटा, बहू और पोती के साथ इंदौर आ रहे थे। इधर, इस मामले में रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार ने कहा सोशल मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी लगी है। इंदौर कोचिंग डिपो के एसएसई निशित सिंह को सस्पेंड कर दिया है। सफाई और पेस्ट कंट्रोल करने के लिए जिम्मेदार डायनमिक कंपनी पर पैनल्टी लगाई है।

---

**6 माह में शुरू होनी थी पानी की नई लाइन**

# तीन साल बाद भी 4 बाजार, रिहायशी क्षेत्र प्यासे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमजी रोड स्मार्ट सिटी क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों को नई पाइपलाइन से साफ पानी के लिए अभी 6 महीने और इंतजार करना होगा। 2022 में शुरू हुआ 1.7 किमी लंबी लाइन का काम 3 साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। गौराकुंड पर कनेक्टिविटी के दौरान टेस्टिंग में पानी सड़क चीरकर बाहर आ गया था, जिससे काम के तौर-तरीकों पर सवाल उठे। अब छोटा गणपति समेत दो जगह बड़ी कनेक्टिविटी और हाइड्रो टेस्टिंग बाकी है, जिसके बाद ही पूरा नेटवर्क चालू हो सकेगा।

पूरी व्यवस्था चालू होने पर क्लॉथ मार्केट, सियागंज, सीतलामाता बाजार और छीपा बाखल सहित आसपास के रिहायशी इलाकों को नई लाइन से पानी मिलने लगेगा। नई व्यवस्था शुरू होने के बाद पुरानी जर्जर लाइनों को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा। स्मार्ट सिटी कंपनी ने जुलाई 2024 में पानी के बचे काम का 17 करोड़ रुपए का टेंडर दूसरी एजेंसी को दिया था, लेकिन फंड की तंगी के कारण रफ्तार प्रभावित रही। प्रोजेक्ट के तहत 4 टंकियों में से 3 का काम पूरा हो चुका है, जबकि सुभाष टंकी पर काम जारी है। फिलहाल सिर्फ एक टंकी से नई लाइन जोड़कर सप्लाय शुरू की जा सकी है। पूरे एबीडी क्षेत्र में पानी की लाइन बिछाने, 4 टंकियां बनाने, अंडरग्राउंड बिजली, स्टॉर्म वॉटर और ड्रेनेज लाइन के लिए 157 करोड़ रुपए का मूल टेंडर गोपी तीरथ-कॉन को दिया गया था।

---

# इंदौर में दो युवतियों से दुष्कर्म के अलग-अलग मामले में केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में दो युवतियों की शिकायत पर दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। गांधी नगर पुलिस ने भोपाल निवासी 23 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शिकायत पर उसके परिचित युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं विजय नगर पुलिस ने भी एक युवती की शिकायत पर मांगलिया निवासी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय युवती की शिकायत पर निखिल पुत्र राजू राठौर, निवासी छोला रोड भोपाल, के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। युवती इंदौर की एक बड़ी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और नौकरी के कारण गांधी नगर क्षेत्र में किराए के फ्लैट में रहती है।

युवती ने पुलिस को बताया कि निखिल और वह एक ही इलाके में रहते हैं और दोनों की करीब सात साल से दोस्ती है। वर्ष 2020 में निखिल ने उसे प्रपोज किया था। युवती के मुताबिक 20 मार्च को निखिल इंदौर स्थित उसके फ्लैट पर आया था। बातचीत के बाद दोनों के बीच संबंध बने। निखिल अगले दिन शाम तक उसके साथ रहा। इसके बाद दोनों भोपाल चले गए। युवती के मुताबिक दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही। जून में उसने निखिल से परिवार से शादी की बात करने के लिए कहा। जब निखिल ने शादी की बात आगे नहीं बढ़ाई तो युवती ने अपनी मां को दोनों की दोस्ती के बारे में बताया। इसके बाद उसकी मां निखिल के घर पहुंचीं, जहां उसके परिवार ने शादी से इनकार कर दिया।



- युवती का आरोप है कि इसके बाद निखिल ने उसे भरोसा दिलाया कि वह अपने परिवार को शादी के लिए मना लेगा। करीब 20 दिन बाद निखिल के परिवार की ओर से विज्ञापन जारी कर उसे जमीन-जायदाद से बेदखल करने की बात सामने आई। इसके बाद कुछ दिनों तक निखिल से युवती का संपर्क नहीं हो पाया।
- बाद में निखिल ने युवती से कहा कि परिवार के लोग शादी के लिए तैयार नहीं हैं और उसने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने युवती का नंबर भी ब्लॉक कर दिया। युवती ने पुलिस से शिकायत की। गांधी नगर पुलिस ने सोमवार को निखिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, शादी की बात पर ब्लॉक किया

दूसरा मामला विजय नगर थाना क्षेत्र का है। यहां एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने रविशंकर जागड़, निवासी मांगलिया, के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी आरोपी से इंस्टाग्राम के माध्यम से पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत के बाद अप्रैल 2026 में आरोपी उसे देवास नाका क्षेत्र स्थित एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ संबंध बनाए। युवती के मुताबिक इसके बाद आरोपी उसके कमरे पर भी आता रहा और वहां भी उसके साथ संबंध बनाए। युवती ने जब आरोपी से शादी करने की बात कही तो उसने कथित तौर पर उससे दूरी बनाना शुरू कर दी और सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर उसे ब्लॉक कर दिया। इसके बाद युवती ने अपने परिवार को पूरी बात बताई और पुलिस में शिकायत की।

# सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक 11 किमी कांवड़ यात्रा

## प्रसाद के लिए 100 से ज्यादा स्टॉल, 1200 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात

ब्रह्मास्त्र ›› सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर में आज सुबह 9 बजे सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वर धाम तक 11 किलोमीटर लंबी विशाल कांवड़ यात्रा निकल रही है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और यूपी सहित कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु इसमें हिस्सा ले रहे हैं। पूजन-अर्चन के बाद सीवन नदी के पवित्र जल से बाबा कुबेरेश्वर महादेव का अभिषेक किया जाएगा। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कुबेरेश्वरधाम में बाबा का 5 क्विंटल फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। पं. प्रदीप मिश्रा ने 25 क्विंटल नुक्ती का भोग लगवाया है। साथ ही धाम परिसर की 2 एकड़ में बनी भोजनशाला से प्रसादी का वितरण जारी है। यात्रा मार्ग पर 100 से अधिक सेवा स्टॉल लगाए गए हैं, जहां भोजन, नाश्ता और चाय-पानी की निःशुल्क व्यवस्था है।






### श्रद्धालुओं के लिए ट्रेनों की समय-सारणी जारी

कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए रेलवे ने 25 और 26 अगस्त के लिए सीहोर स्टेशन से आने-जाने वाली ट्रेनों की समय-सारणी जारी की है। इसमें मक्सी-उज्जैन और भोपाल की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों की जानकारी शामिल है। बारिश के बीच कांवड़िये आस्था के साथ यात्रा पर निकल पड़े। कई श्रद्धालु छाते और रेनकोट से खुद को बारिश से बचाते नजर आए, जबकि कुछ लोग पॉलिथीन ओढ़कर कांवड़ लेकर आगे बढ़ते रहे। ट्राइसिकल पर सवार होकर एक छोटा बच्चा भी कांवड़ यात्रा में शामिल होने पहुंचा।

# अफसर ने अटकाई फाइल, तो छिन सकती है पावर...

## जेब से जुर्माना कटने का भी प्रावधानः समझें एमपी का नया 'ऑटो एस्कलेशन' कानून



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश में अब कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी उद्योग या व्यापार से जुड़ी फाइल को दबाकर नहीं बैठ सकेगा। एमपी सरकार के नए 'मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम, 2026' के तहत एक ऐसी डिजिटल व्यवस्था लागू की जा रही है, जो सुस्त अधिकारियों के हाथ से उनकी पावर छीन सकती है।

अगर किसी अफसर ने तय समय में फाइल क्लियर नहीं की, तो कंप्यूटर सिस्टम उस फाइल को खुद-ब-खुद उसके सीनियर अफसर के पास भेज देगा और लेटलतीफी करने वाले अफसर की जेब से जुर्माना भी कट सकता है।

अब तक व्यवस्था यह थी कि यदि किसी व्यापारी या निवेशक को अपना काम शुरू करना होता था, तो उसे एनओसी (ठडउ) या मंजूरी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। फाइल महीनों तक एक ही टेबल पर अटकी रहती थी। नए कानून ने इस 'टेबल-टेबल' के खेल को पूरी तरह खत्म कर दिया है। सरकार ने इस कानून के जरिए पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन 'एकल खिड़की प्रणाली' (सिंगल विंडो सिस्टम) पर शिफ्ट कर दिया है।

इस नए कानून की सबसे बड़ी ताकत इसकी समय-सीमा यानी डेडलाइन और स्वतः ट्रांसफर होने की तकनीक है, जिसने नौकरशाही की मनमानी पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

### जब सिस्टम खुद कम करेगा अफसर की पावर

इस कानून का सबसे बड़ा मास्टरस्ट्रोक 'ऑटो एस्कलेशन' का नियम है। मान लीजिए किसी विभाग के छोटे या मध्यम स्तर के अधिकारी को 15 दिनों के भीतर आपकी फाइल पर फैसला लेना है। अगर वह 15 दिनों तक फाइल पर कुंडली मारकर बैठा रहता है, तो 16वें दिन सुबह वह फाइल उसके कंप्यूटर से अपने आप (ऑटोमेटिकली) गायब हो जाएगी।

वह फाइल सीधे उसके ऊपर के 'हायर अथॉरिटी' (वरिष्ठ अधिकारी) के डिजिटल डेस्क पर पहुंच जाएगी। यानी फाइल रोकने वाले अफसर के पास से उस फाइल को मंजूर या नामंजूर करने का अधिकार नहीं रहेगा। साथ ही लापरवाही रिकॉर्ड में भी दर्ज हो जाएगी। गजट के अध्याय-पांच की धारा 13 (1) में 'स्वतः वृद्धि' का स्पष्ट कानूनी प्रावधान है। मूल प्रावधानः गजट के अनुसार, जहां कोई आवेदन विहित समय सीमा के भीतर निपटाया नहीं जाता है, वहां वह, ऐसी रीति में जो विहित की जाए, संबंधित विभाग में अगले उच्चतर प्राधिकारी को स्वतः प्रकरण-वर्धित माना जाएगा।

# आधे मध्यप्रदेश में आज बरसात की चेतावनी

## टीकमगढ़ समेत 5 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट; 25 जिलों में भी तेज पानी गिरेगा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



आधे मध्य प्रदेश में मंगलवार को तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, टीकमगढ़, दमोह, नरसिंहपुर, बैतूल और राजगढ़ में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, गुना, आगर-मालवा, शाजापुर, सीहोर, हरदा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, जबलपुर, कटनी, शहडोल, छतरपुर, पन्ना, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश होगी। इन सभी 25 जिलों में ढाई इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। भोपाल, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, देवास, रतलाम, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, डिंडौरी, रीवा, सतना, मऊगंज, मैहर, उमरिया, अनूपपुर और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश जारी रहेगी।

इससे पहले सोमवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, शाजापुर समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। विदिशा के बाजार में पानी भरने से दुकानदार परेशान होते दिखे। भोपाल में कई जगहों पर यातायात बाधित होता रहा। इससे पहले बीते 24 घंटे के अंदर नर्मदापुरम में औसत 3.7 इंच बारिश हुई। शहर या कस्बे के हिसाब से देखें तो शिवपुरी के करेरा में 5.4 इंच, निवाड़ी के ओरछा में 3.3 इंच, सागर के रहली में 3 इंच, भोपाल के कोलार में 3.2 इंच, नवीबाग में 3.1 इंच जबकि भोपाल शहर में 3 इंच बारिश हो गई।

### इसलिए ऐसा मौसम

सीनियर मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) और ट्रफ की एक्टिविटी देखने को मिल रही है। इस वजह से लगातार तेज बारिश हो रही है। अगले तीन दिन तक कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है।

# पेट्रोल डालकर युवक को जिंदा जलाने की कोशिश, त्योहार की तैयारी कर रहे थे

ब्रह्मास्त्र ›› मऊगंज

मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र के अलहौवा गांव में ईद मिलादुन्नबी की तैयारी के दौरान एक युवक को पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि राम रईस जायसवाल ने अजहरुद्दीन उर्फ राजू पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उसे बचाने की कोशिश में मोहम्मद सद्दाम, अनवर अली और अजहरुद्दीन का भाई अतीक अहमद भी झुलस गए। चारों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अजहरुद्दीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

परिजन के मुताबिक, मंगलवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व है। इसे लेकर सोमवार शाम तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान करीब 7 बजे गांव का रहने वाला राम रईस जायसवाल पेट्रोल लेकर वहां पहुंचा।

आरोप है कि उसने अजहरुद्दीन उर्फ राजू पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उसे बचाने की कोशिश में मोहम्मद सद्दाम, अनवर अली और अतीक अहमद भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। परिजन और मौके पर मौजूद लोग चारों घायलों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद रीवा के संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे।

### चारों घायलों को इलाज के लिए रीवा लाया गया

घटना की जानकारी मिलने के बाद लौर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों, आरोपों और मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले में आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

### महंगी कार, लग्जरी होटल और आईफोन से दिखाती थी रुतबा

# फर्जी आईएएस तृप्ति के पास सीबीआई का कार्ड, गाड़ी पर भारत सरकार की नेम प्लेट भी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



चंदेरी में किला कोठी का कमरा... सामने खुद को बड़ा सरकारी अधिकारी बताने वाली एक महिला... बातचीत में सरकारी नौकरी और अच्छी सैलरी का भरोसा... और फिर हर उम्मीदवार से लाखों रुपए की मांग।

यह कोई और नहीं, भोपाल की रहने वाली तृप्ति सिंह राजपूत है, जिस पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर चंदेरी के 4 युवकों से 9 लाख 80 हजार रुपए की ठगी का आरोप है। पुलिस जांच में मामला सिर्फ ठगी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि फर्जी सरकारी पहचान और रुतबा दिखाने का पूरा तंत्र सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी तृप्ति सिंह राजपूत खुद को कभी आईएएस अधिकारी, कभी मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर और कभी मानव संसाधन विकास मंत्रालय का हेड बताती थी।

### हर उम्मीदवार से करीब 3 लाख मांगे, 9.80 लाख नकद लिए

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हर उम्मीदवार से करीब 3 लाख रुपए मांगे। सरकारी नौकरी की उम्मीद में युवक उनके झांसे में आ गए। चार युवकों से कुल 9 लाख 80 हजार रुपए नकद लिए गए। नौकरी की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उनके जरूरी दस्तावेज भी ले लिए गए। करीब 2 लाख रुपए बाद में देने की बात तय हुई थी। रकम लेने के बाद नौकरी की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। समय बीतने के साथ युवकों को आरोपियों के दावों पर संदेह होने लगा। करीब तीन महीने पहले जून

### फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही, पटवारी सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ›› दमोह

जयसिंहनगर तहसील के जमुड़ी हल्का में पदस्थ पटवारी भरत सिंह खैरवार को फॉर्मर रजिस्ट्री के शासकीय कार्य में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह ने की है। पटवारी भरत सिंह खैरवार पर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, पटवारी अपने हल्का में रहकर कार्य नहीं कर रहा था और ग्रामीणों के संपर्क में भी नहीं था। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहना होगा। फॉर्मर रजिस्ट्री एक प्रक्रिया है जिसके तहत किसानों से संबंधित जानकारी को डिजिटल रूप से दर्ज और अपडेट किया जाता है।

# बेटी ने की लव मैरिज, भाजपा नेता ने किया सुसाइड, दरवाजा तोड़ा तो फंदे पर लटके मिले

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा



मध्यप्रदेश के खंडवा में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री और राशन दुकान संचालक मनीष परदेशी ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। उनका शव लक्कड़ बाजार स्थित घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के समय परिजन शहर से बाहर थे।

मनीष का एक दोस्त उनके घर पहुंचा था। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दोस्त ने दरवाजा तोड़ा। अंदर मनीष का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मोघट रोड पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भेजा।

घटना के बाद परिवार में मातम है। मनीष के परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी हैं। पिता का शव देखकर बेटे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रिश्तेदारों के अनुसार, मनीष की बेटी ने परिवार की मर्जी के खिलाफ लव मैरिज की थी। इसके बाद से मनीष तनाव में रहते थे। हालांकि, पुलिस ने अभी इसे आत्महत्या की वजह नहीं माना है।

मनीष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री थे। वे एक हिंदू संगठन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे सरकारी राशन दुकान चलाते थे। वे जिलेभर के राशन दुकान संचालकों की यूनियन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### टीकमगढ़ में कुंडेश्वर महादेव का महारुद्र रूप में श्रृंगार

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ के प्रसिद्ध शिव धाम कुंडेश्वर में सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए उमड़े। मंदिर में शाम 5 बजे तक गर्भ गृह भक्तों के लिए बंद कर दिया गया था। इसके बाद भोलेनाथ का महारुद्र के रूप में आकर्षक श्रृंगार शुरू हुआ। सवा किलो भांग का उपयोग कर तीन घंटे में यह श्रृंगार पूरा किया गया। श्रृंगार के दौरान 15 हजार रुद्राक्ष से भोलेनाथ का मुकुट और अन्य आभूषण बनाए गए, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

### उमरिया में बच्चों को नदी पार कराने पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

# 40 बच्चों की जान जोखिम में डालने पर प्राचार्य को हटाया

ब्रह्मास्त्र ›› उमरिया





उमरिया जिले में बच्चों को नदी पार कर स्कूल जाने के मामले में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। करकेली विकासखंड के मानिकपुर गांव से बिलासपुर हाई स्कूल जाने वाले करीब 40 बच्चे कमर तक पानी में बड़की नदी पार कर रहे थे। इस लापरवाही के बाद प्रभारी प्राचार्य अमित पटेल को पद से हटा दिया गया है।

बारिश के कारण बड़की नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे कई जगह पानी बच्चों की कमर तक पहुंच रहा है। इसके बावजूद, मानिकपुर से बिलासपुर हाई स्कूल जाने वाले ये बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल पहुंचते थे। छोटे बच्चों को अक्सर उनके माता-पिता कंधे पर बैठाकर नदी पार कराते थे।

बच्चों के जान जोखिम में डालकर नदी पार करने का वीडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बीएस बरकड़े ने मामले का संज्ञान लिया था। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को बच्चों के सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे।

निर्देशों के बावजूद, बच्चों को दोबारा नदी के रास्ते घर जाने दिया गया। इसे जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीर लापरवाही माना। इस पर कार्रवाई करते हुए, प्रभारी प्राचार्य अमित पटेल को उनके पद से हटा दिया गया है। स्कूल प्रबंधन को बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था करने और एक शिक्षक को निगरानी के लिए नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए थे। मानिकपुर से बिलासपुर जाने के लिए करीब 10 किलोमीटर का जंगली रास्ता है। बच्चों को यह लंबा रास्ता तय करने से बचने के लिए बड़की नदी पार करने वाला रास्ता करीब एक किलोमीटर का पड़ता है। इसी वजह से बच्चे दूरी कम करने के लिए बारिश में भी नदी पार कर स्कूल पहुंचते हैं। अब शिक्षा विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नदी के रास्ते आवागमन पूरी तरह रोकने और सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जान जोखिम में डालने की जरूरत नहीं



जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हम स्कूल प्रबंधन और बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठकर बात कर करेंगे। बारिश में यदि पानी ज्यादा रहता है तो बच्चों को स्कूल ना भेजें और सुरक्षित रास्ते से ही स्कूल भेजें। असुरक्षित रास्ते से स्कूल भेजने की बच्चों को आवश्यकता नहीं है, किसी को भी जान जोखिम में डालने की जरूरत नहीं है।

# सतना जिला अस्पताल में फिर चोरी, ड्यूटी रूम का कांच तोड़कर घुसे चोर

ब्रह्मास्त्र ›› सतना

सतना के जिला अस्पताल में चोरी का एक और मामला सामने आया है। कोविड वार्ड के सामने स्थित ड्यूटी रूम का कांच तोड़कर चोर अंदर घुसे और आलमारी का कुंदा तोड़कर लाखों रुपए के चिकित्सा उपकरण और अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना 19 अगस्त की रात की बताई जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने सोमवार देर शाम सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

चोरी हुए सामान में ब्रोंकोस्कोप, मॉनिटर, ऑक्सीजन रेगुलेटर, 10 ई-फ्रिएशन पंप और ऑक्सीजन पाइप शामिल हैं। अगले दिन ड्यूटी रूम का सामान बिखरा मिलने के बाद चोरी का पता चला। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, 19 अगस्त की रात ड्यूटी रूम में चोरी हुई। अगले दिन जब कर्मचारी कमरे में पहुंचे तो अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। कमरे का कांच टूटा हुआ था और आलमारी का कुंदा भी चटका मिला। मौके पर खून के धब्बे भी मिले हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि कमरे में घुसने या चोरी के दौरान चोर के हाथ में चोट लगी होगी। चोरी के बाद अस्पताल परिसर में लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसमें करण नाम का एक व्यक्ति संदिग्ध तरीके से सामान लेकर अस्पताल परिसर में आता-जाता दिखाई दिया। अस्पताल प्रबंधन ने उसे चोरी की घटना में संदिग्ध माना है।

सहायक प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र वर्मा की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि करण पहले अस्पताल में सफाईकर्मी के रूप में काम कर चुका है। प्रबंधन के अनुसार, उसके खिलाफ पहले भी चोरी से जुड़ी शिकायतें पुलिस को दी जा चुकी हैं।

# रितेश देशमुख ने पैपराजी से पैसे उधार लिए, सड़क पर बच्चों को देने के लिए कैश नहीं था



एक्टर रितेश देशमुख पैसे उधार देने वाले पैपराजी को सोशल मीडिया की ममद से ढूंढ रहे हैं। दरअसल रविवार को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर कुछ बच्चों ने उनसे मदद मांगी, लेकिन उस वक्त रितेश के पास नकद पैसे नहीं थे। इस दौरान वहां मौजूद एक पैपराजी ने रितेश की तरफ से उन बच्चों को पैसे दे दिए। अब रितेश उस फोटोग्राफर का उधार चुकाना चाहते हैं।

इसके लिए उन्होंने इंस्टाग्राम पर उस फोटोग्राफर की तस्वीर शेयर कर लोगों से उसका कांटेक्ट नंबर ढूंढने की अपील की है। रेस्टोरेंट के बाहर बच्चों ने मांगी थी मदद रविवार को रितेश देशमुख अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूजा के साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में पहुंचे थे। रेस्टोरेंट से बाहर निकलते ही पैपराजी उनकी तस्वीरें क्लिक करने लगे। उसी वक्त कुछ छोटे बच्चे रितेश के पास पहुंचे और उनसे पैसे मांगने लगे। रितेश ने अपनी जेब चेक की, लेकिन उस समय उनके पास कैश मौजूद नहीं था। फोटोग्राफर ने आगे आकर दिए पैसे एक्टर को ऐसी स्थिति में देखकर वहां मौजूद एक पैपराजी फोटोग्राफर तुरंत आगे आया। उसने अपनी जेब से पैसे निकालकर रितेश की तरफ से उन बच्चों को दे दिए।

रितेश ने उस वक्त उस फोटोग्राफर को धन्यवाद कहा, लेकिन वे उस छोटे से उधार को भी वापस लौटाना चाहते थे। इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर मांगा नंबर घटना के बाद रितेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उस फोटोग्राफर की फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, ₹भाऊ, धन्यवाद। कृपया मुझे इनका नंबर ढूंढने में मदद करें। इन्होंने मेरी तरफ से बच्चों को पैसे दिए थे और मुझे उनका यह उधार चुकाना है। सोशल मीडिया पर लोग रितेश के इस व्यवहार की सराहना कर रहे हैं। शिवाजी महाराज के रोल में दिखे थे रितेश रितेश देशमुख के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने हाल ही में एक मराठी फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

## कृति सेनन के रक्षाबंधन एड पर विवाद, रिवीलिंग ड्रेस पहनकर राखी बांधने पर ट्रोल हुई



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने एक नए ज्वेलरी एडवर्टाइजमेंट को लेकर विवादों में घिर गई हैं। रक्षाबंधन के थीम पर बने इस एड में कृति अपने ऑन-स्क्रीन भाई को राखी बांधती नजर आ रही हैं। हालांकि, एड में उनके रिवीलिंग ड्रेस (ब्रालेट आउटफिट) को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जताई है। कई यूजर्स का कहना है कि रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार के लिए यह पहनावा सही नहीं है, जबकि कुछ लोग एक्ट्रेस के समर्थन में उतर आए हैं। ब्रालेट ब्लाउज पहनकर राखी बांधने पर जताई नाराजगी जीवा ज्वेलरी ब्रांड के इस एडवर्टाइजमेंट में कृति सेनन ने केप के साथ ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज और ड्रेप्ड स्कर्ट पहना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों ने उनके कपड़ों पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। यूजर्स का कहना है कि त्योहार के हिसाब से कपड़े पहनना कॉमन सेंस की बात है। विवाद बढ़ने के दौरान कई यूजर्स ने इस मामले में धर्म की तुलना भी शुरू कर दी। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या ईद या क्रिसमस जैसे अन्य धार्मिक त्योहारों के विज्ञापनों में भी इस तरह के मॉडर्न कपड़ों को स्वीकार किया जाता? लोगों का कहना था कि केवल हिंदू त्योहारों और परंपराओं को दिखाते समय ही इस तरह के प्रयोग क्यों किए जाते हैं।

## आसिम रियाज बोले- मैंने किसी का धर्म नहीं बदलवाया, हिमांशी के आरोपों पर तोड़ी चुप्पी



'बिग बॉस 13' के रनर-अप आसिम रियाज ने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड हिमांशी खुराना के धर्म परिवर्तन वाले दावों पर सफाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर आसिम ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है।

हाल ही में हिमांशी ने एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि आसिम ने उन पर अपना धर्म बदलने का दबाव बनाया था। इस पर आसिम ने कहा कि उन्होंने कभी किसी से धर्म बदलने के लिए नहीं कहा और उनके खिलाफ नफरत फैलाने के लिए इस संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल किया जा रहा है। आसिम रियाज ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर किया। हालांकि पोस्ट में उन्होंने हिमांशी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिखा, लेकिन साफ किया कि निजी मुद्दों को पब्लिक में लाकर विवाद बनाया जा रहा है। आसिम ने लिखा, ₹मैंने कभी किसी को अपना धर्म बदलने के लिए नहीं कहा। एक बार भी नहीं। बल्कि मैंने ही तुम्हें फिटनेस की तरफ पुश किया था। मुझसे मिलने से पहले सब जानते हैं कि तुम कैसी दिखती थीं।₹ आसिम ने आगे लिखा कि धर्म एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है और इसे हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने हिमांशी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों के मन में मेरे लिए नफरत पैदा करने के लिए इतने पर्सनल मैटर को उछालना बचकाना है। इससे पता चलता है कि अटेंशन पाने के लिए कोई किस हद तक गिर सकता है।

### हिमांशी ने कहा था- इस्लाम कबूल करने वाली थी

इससे पहले पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में हिमांशी ने दावा किया कि एक समय वह आसिम के दबाव में इस्लाम कबूल करने के बेहद करीब पहुंच गई थीं। उन्होंने बताया कि रिश्ते के दौरान उनके पूजा-पाठ और धार्मिक मान्यताओं को लेकर आपत्ति जताई जाती थी।

# सेलेब्स को दी नसीहत, बोले- परिवार की बातों से फुटेज लेने की कोशिश न करें

# गोविंदा-सुनीता की निजी जिंदगी पर कमेंट से भड़के कृष्णा



गोविंदा और सुनीता आहूजा के रिश्ते में चल रही अनबन के बीच उनके भांजे कृष्णा अभिषेक ने नाराजगी जताई है। सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पैपराजी ने मामा-मामी के रिश्ते पर सवाल किया तो कृष्णा ने जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनसे सिर्फ मस्ती और काम से जुड़े सवाल पूछे जाएं। साथ ही, उन सेलेब्स पर नाराजगी जताई, जो इस पारिवारिक मामले पर लगातार बयान दे रहे हैं।

कृष्णा अभिषेक सोमवार को कॉमेडियन कीकू शारदा के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए। पैपराजी ने गोविंदा और सुनीता आहूजा के रिश्ते पर सवाल किया तो उन्होंने कहा, 'मामा का कोई सवाल मत पूछना। हम अपने काम की बात करें, शोज की बात करें।' कृष्णा ने कहा कि परिवार की निजी बातें घर तक ही रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि दूसरे लोग उनके घर की बात करके फुटेज ले रहे हैं। बोले- मैं अपने मामा-मामी के बारे में ऐसी बात नहीं करूंगा कृष्णा ने कहा कि वह कभी अपने मामा-मामी के निजी रिश्ते पर ऐसी बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं कभी उनके बारे में ऐसी कोई बात पर्सनली नहीं करूंगा। मैं अपने मामा-मामी को बहुत प्यार करता हूं।' उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि गोविंदा और सुनीता के बीच जो भी मामला है, वह जल्द सुलझ जाए।

गोविंदा और सुनीता के रिश्ते को लेकर पिछले कुछ दिनों में कई सेलेब्स ने राय रखी है। राखी सावंत, एजाज खान, पूनम पांडे और शर्लिन चोपड़ा जैसे सितारे इस मामले पर अलग-अलग बयान दे चुके हैं। किसी ने गोविंदा का समर्थन किया तो किसी ने सुनीता के पक्ष में बात रखी।

कृष्णा को इसी बात पर आपत्ति है। उनका कहना है कि जब यह परिवार का निजी मामला है तो दूसरे लोग इस पर लगातार क्यों बोल रहे हैं। उन्होंने इशारा किया कि कुछ लोग इस मुद्दे से पब्लिसिटी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। कृष्णा और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह के रिश्ते भी एक समय सुनीता आहूजा के साथ खराब हो गए थे। हालांकि, बाद में परिवार में सुलह हो गई। सुनीता आहूजा 'लाफ्टर शेफ्स' में बतौर गेस्ट नजर आई थीं, जहां कश्मीरा ने उनके साथ रिश्ते को लेकर सकारात्मक बात कही थी और उन्हें सपोर्ट करने की बात कही थी।



## गोविंदा-सुनीता ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को किया अनफॉलो

गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते को लेकर एक बार फिर चचाएं तेज हो गई हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब पिछले दिनों दोनों के रिश्ते में अनबन और तलाक की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। सोशल मीडिया पर सामने आया यह बदलाव इसलिए भी खास माना जा रहा है, क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों के रिश्ते को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना
शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में
ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल
तुम शराब पीकर आए तो
नशे में सारे गंदे पड़े
बर्तन धो डाले,
और तो और आपने
मेरे पांव भी दबाए...!



उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा -
'नाकाम इश्क'
और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन
शायरी करता है, गजल गाता है,
पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है।
और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के
साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले,
रास्ते से ब्रेड लाते और दाल
में नमक ज्यादा
के फेर में दम तोड़ देता है।
00000000



## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतूरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार-4

### ऊपर से नीचे

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होंठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 28 | | 6 | | 24 | = | 14 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 5 | | 10 | = | 65 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 20 | | 4 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 6 | | 2 | | 10 | = | 30 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 6 | | 20 | | 20 | = | 34 / 26 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में "डैनी" अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---

मेरे अपने, छत्तीस घंटे, धर्मात्मा, द बर्निंग ट्रेन, बंदिश, दो उस्ताद, हीरो, आंधी तूफान, जवाब, बुलंदी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | | | 1 | 2 |
| 2 | 33 | | 34 | 6 | 30 | |
| 5 | | 7 | | | 3 | |
| | 42 | | 25 | 1 | 22 | 6 |
| | 6 | 5 | | | 2 | |
| | 36 | | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | | 5 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | + | 3 | + | 61 | - | 10 | = | 66 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | x | ■ | + |
| 20 | x | 5 | - | 51 | - | 25 | = | 24 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | ÷ | ■ | + |
| 50 | - | 40 | + | 10 | + | 25 | = | 45 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 70 | + | 18 | + | 27 | - | 40 | = | 75 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | + | 30 | + | 27 | - | 50 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 42 | 2 | 25 | 1 | 22 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

### समाज बांटने के लिए बेटियों को कम न आंकें

# राहुल गांधी के निशाने पर सिर्फ हिंदू क्यों..? अल्पसंख्यक महिलाओं की बात क्यों नहीं करते- रिजिजू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पितृसत्ता तोड़ो बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस पार्टी हिंदू परंपराओं को ही निशाना क्यों बनाती है और अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति पर चुप क्यों रहती है। रिजिजू ने सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेस के सामाजिक सुधार के तरीके को चुनिंदा बताया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी महिलाओं के साथ खड़ी है, तो उसे हर समुदाय की हर महिला के साथ खड़ा होना चाहिए।

राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में महिलाओं की आजादी और पितृसत्ता के मुद्दे पर एक घंटा 16 मिनट बात की थी। उन्होंने कहा, 'महिला की पहचान उसके पिता, पति या बेटे से नहीं होती, बल्कि उसकी अपनी पहचान होती है।' मनुस्मृति का जिक्र करते हुए महिलाओं को पिता, पति और बच्चों की संपत्ति मानने वाली सोच को शर्मनाक बताया।

राहुल ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ 3 तरह से हिंसा होती है। पहली- पैदा होते ही हत्या, दूसरी- शारीरिक अत्याचार, तीसरी- आर्थिक बंदिशें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, नौकरी, संपत्ति और अपने फैसले लेने की पूरी आजादी मिलनी चाहिए। राहुल ने छात्राओं से कहा कि वे डरें नहीं, अपनी

## राहुल ने कहा था- लड़कियों की शादी के कारण पढ़ाई छूट जाती है, 5 बड़ी बातें:

1. महिलाओं की पहचान पिता, पति या बेटे से नहीं: राहुल ने कहा कि महिलाओं का पिता, पति और बेटे से रिश्ता जरूर है, लेकिन उनकी पहचान उनसे नहीं है। महिलाएं किसी पर आश्रित नहीं हैं और उन्हें स्वतंत्र पहचान के साथ जीना चाहिए।
2. महिलाओं पर हिंसा, अपमान, समय और नियंत्रण: राहुल ने कहा कि महिलाओं को नियंत्रित करने के चार तरीके हैं- हिंसा, अपमान/अनादर, समय और कंट्रोल। उन्होंने कहा कि महिलाओं को देर तक बाहर रहने, काम करने और अपनी पसंद से जीवन जीने पर रोक का सामना करना पड़ता है।
3. शिक्षा और रोजगार में भेदभाव: राहुल ने सवाल उठाया कि वह सोच कहां से आती है जिसमें लड़के को पढ़ाने और लड़की को पढ़ाई या नौकरी से रोकने की मानसिकता होती है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शादी और घरेलू काम के कारण पढ़ाई छूट जाती है।
4. लड़कियों से ह्यबी लाउड, बी प्राउडह्ण की अपील: राहुल ने छात्राओं से कहा कि उन्हें डरकर या दबकर नहीं रहना चाहिए। उनका संदेश था-ह्लअपनी बात जोरदार ढंग से कहें, गर्व महसूस करें और अपने लिए लड़ेंह्व उन्होंने कहा कि पितृसत्ता से मिलकर लड़ना होगा।
5. पिंजरा तोड़ो और अपने लिए आवाज उठाओ: राहुल ने छात्राओं से कहा कि उन्हें उस पिंजरे को तोड़ना होगा जिसमें समाज उन्हें बंद करता है। उनका संदेश था कि लड़कियां डरें नहीं, अपनी बात जोर से रखें और अपने लिए लड़ें।

### खड़गे बोले-सरकार की चोर दरवाजे से आरक्षण हटाने की साजिश

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्गों का आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है। खड़गे ने कहा कि सरकारी पद जानबूझकर खाली रखे जा रहे हैं और कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की नीति बीआर आंबेडकर के दिए संवैधानिक अधिकार छीनने की दिशा में है। अब भाजपाई नीति का पदार्फाश हो चुका है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, मोदी सरकार ने आरक्षण खत्म करने की योजना बनाई है। 2015 में केंद्र सरकार में 4.21 लाख पद खाली थे। 2024 तक यह संख्या बढ़कर 8.24 लाख हो गई। उन्होंने बताया कि रेलवे में 2.40 लाख, रक्षा विभाग में 2.41 लाख और गृह मंत्रालय में 1.10 लाख पद खाली हैं।

# अमेरिका में 2 लाख विदेशियों के वीजा रद्द होंगे

## इतिहास में पहली बार एक साथ इतने वीजा कैंसिल होंगे, अधिकारी बोले- घूमने आते हैं, फिर शरण मांगते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन




अमेरिकी सरकार 2 लाख तक विदेशी नागरिकों के बिजनेस और टूरिस्ट वीजा रद्द करने की तैयारी कर रही है। यह कदम लागू हुआ तो यह अमेरिकी इतिहास में एक साथ सबसे बड़ी संख्या में वीजा रद्द करने की कार्रवाई होगी। अमेरिकी विदेश विभाग आने वाले हफ्तों में इ1 और इ2 वीजा रद्द करने की घोषणा कर सकता है। ये वीजा 2016 से 2026 के बीच जारी किए गए थे और उन लोगों पर कार्रवाई होगी जिन्होंने अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया है या कर रहे हैं।

विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि ऐसे लोग अमेरिका में कम समय के लिए आने वाले पर्यटक या कारोबारी के तौर पर दाखिल हुए थे, लेकिन बाद में स्थायी रूप से रहने के लिए शरण का आवेदन कर दिया। वीजा रद्द होने का मतलब यह नहीं कि तुरंत अमेरिका से निकाल दिया जाएगा अमेरिकी विदेश विभाग ने वीजा रद्द होने वाले लोगों की संख्या बताने से इनकार किया है। अधिकारियों के मुताबिक यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चलेगी, इसलिए संख्या बदल सकती है।

वीजा रद्द होने का मतलब यह नहीं है कि संबंधित व्यक्ति को तुरंत अमेरिका से निर्वासित कर दिया जाएगा। जिन लोगों के शरण के मामले लंबित हैं, उनकी स्थिति बदली जा सकती है, लेकिन उनका बिजनेस या टूरिस्ट यात्री का दर्जा खत्म हो जाएगा।

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका में वीजा नियम कड़े

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका ने वीजा नियम पहले ही कड़े कर दिए हैं। आवेदकों से सोशल मीडिया की जानकारी मांगी जा रही है, महंगे वीजा बॉन्ड की व्यवस्था की गई है और कुछ देशों के नागरिकों को वीजा देने पर रोक लगाई गई है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडो ने कहा कि कुछ लोग टूरिस्ट या बिजनेस वीजा लेकर अमेरिका आते हैं और फिर वहां रहने के लिए आवेदन करते हैं। उन्होंने कहा कि इमिग्रेशन कानून से बचने के रास्ते के तौर पर नहीं होना चाहिए।

वीजा आमतौर पर बिजनेस यात्रा के लिए, जबकि वीजा पर्यटन, परिवार से मिलने या मेडिकल इलाज के लिए जारी किया जाता है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इन वीजा धारकों में कितने लोग मांग चुके हैं या मांग रहे हैं और कितने लोग प्रस्तावित कार्रवाई से प्रभावित होंगे। पिछले 18 महीनों में अमेरिकी विदेश विभाग करीब 1.75 लाख वीजा रद्द कर चुका है।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितंबर में भारत आ सकते हैं, बोले- मोदी से मुलाकात जल्द

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले इफ्फ्ठर समिट में शामिल हो सकते हैं। मॉस्को में सोमवार को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जल्द मुलाकात की उम्मीद जताई। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के रिश्तों और आपसी सहयोग को लेकर भी चर्चा की। जयशंकर रविवार को मॉस्को पहुंचे थे। वह रूस के अपने दो दिन के दौरे पर हैं। जयशंकर ने पुतिन से कहा कि पीएम मोदी ब्रीक्स समिट के लिए पुतिन का भारत में स्वागत करेंगे। दोनों नेताओं की सालाना बैठक भी जल्द होगी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी किर्गिजस्तान में होने वाली समिट में उनसे मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस और भारत के बीच दशकों से मजबूत रिश्ते बने हुए हैं। दोनों देश व्यावहारिक तौर पर लगभग सभी क्षेत्रों में अपना सहयोग जारी रखे हुए हैं।

### चीन के राष्ट्रपति 7 साल बाद भारत आ सकते हैं:शी जिनपिंग के साथ 400 अधिकारी होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने नई दिल्ली में होने वाले ब्रीक्स समिट में शामिल हो सकते हैं। यह उनका 7 साल बाद भारत का पहला दौरा होगा। भारत 12-13 सितंबर को इफ्फ्ठर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। रॉयटर्स के मुताबिक, जिनपिंग के साथ करीब 400 अधिकारियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल आ सकता है। जिनपिंग के भारत दौरे की तैयारियों में छअउ पर शांति और सीमा विवाद सबसे अहम मुद्दों में है। दोनों देश सीमा पर ऐसी व्यवस्था बनाने पर बात कर रहे हैं, जिससे किसी सैन्य घटना या तनाव का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर न पड़े।

भारत और चीन के बीच सिर्फ सीमा विवाद ही नहीं, बल्कि व्यापार और आर्थिक रिश्ते भी बातचीत का हिस्सा हैं। भारत चीन के साथ अपने बड़े व्यापार घाटे को कम करना चाहता है। इसके अलावा रेयर अर्थ मैगनेट और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट जैसे जरूरी सामान की सप्लाई को लेकर भी भारत अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है।

# नेतन्याहू बोले- ईरान ने बेटे की हत्या की कोशिश की, हमें मिली सिक्योरिटी ऐशोआराम के लिए नहीं,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि ईरान ने उनके परिवार को निशाना बनाया और उनके दो बेटों में से एक की हत्या की कोशिश की। उन्होंने यह बात सरकार समर्थक चैनल 14 को फोन पर दिए इंटरव्यू में कही।

नेतन्याहू चुनाव से पहले अपने परिवार और दूसरे राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था पर बात कर रहे थे। नेतन्याहू ने कहा, उन्हें दी जा रही सुरक्षा कोई ऐशोआराम नहीं है। नेतन्याहू के दो बेटे याइर और अवनर हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उनके दोनों बेटों में से किसे निशाना बनाया गया था। हत्या की कोशिश कब और कैसे की गई। दरअसल इजराइल में कई महीनों से नेतन्याहू के परिवार के सदस्यों और राजनीतिक नेताओं को दी जा रही सुरक्षा पर सवाल उठ रहे थे।

इसके बाद इजराइल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने नेतन्याहू की पत्नी सारा और उनके दोनों बेटों के लिए सुरक्षा बढ़ाने को मंजूरी दी है। यह सुरक्षा उन्हें नेतन्याहू के आगामी चुनाव हारने की स्थिति में भी मिलेगी। अगला चुनाव दो महीने में है।

अवनर इजराइल में रहते हैं, जबकि याइर पिछले कुछ सालों से ज्यादातर मियामी में रह रहे हैं। याइर दक्षिणपंथी विचारों वाली अपनी टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कथित हत्या की साजिश की जानकारी इजराइल के सुरक्षा अधिकारियों को कई महीनों से थी। हालांकि, सैन्य सेंसर ने इसके प्रकाशन पर रोक लगा दी थी। इजरायल में प्रधानमंत्री और उनके परिवार को सुरक्षा मिलती है। विवाद तब बढ़ा, जब सारा नेतन्याहू और उनके दोनों वयस्क बेटों याएर व अवनर की सुरक्षा लंबे समय तक जारी रखने का फैसला हुआ। जुलाई 2026 में एक मंत्रीस्तरीय समिति ने नेतन्याहू और सारा को जीवनभर, जबकि दोनों बेटों को कम से कम 5 साल सुरक्षा देने का फैसला किया।

# कॉकरोच जनता पार्टी 5 सितंबर को दोबारा दिल्ली मार्च करेगी

## कहा- छात्रों पर दर्ज केस खत्म नहीं हुए, हमारे धैर्य को कमजोरी न समझें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कॉकरोच जनता पार्टी 5 सितंबर को दिल्ली में विरोध मार्च निकालेगी। पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार ने 25 जुलाई को युवाओं से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। इन्हीं वादों के भरोसे पर जंतर-मंतर का प्रदर्शन वापस लिया गया था।

मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। इसमें उन स्टूडेंट्स के परिजन भी शामिल होंगे, जिन्होंने ठएएळ पेपर लीक के बाद सुसाइड किया था। इससे पहले सीजेपी ने 20 जुलाई को भी जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला था। सोमवार को उखढ ने अपनी वर्किंग कमेटी की वर्चुअल मीटिंग के बाद यह फैसला लिया। पार्टी ने कहा कि सरकार ने कहा था कि छात्रों पर दर्ज केस खत्म होंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। उन्हें हमारे धैर्य को कमजोरी नहीं समझना चाहिए।

सीजेपी ने नीट पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी की मांगों को लेकर 20 जून से जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू किया था। 25 जुलाई को सरकार से आश्वासन मिलने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अपना आंदोलन खत्म किया था। सीजेपी नेता सौरव दास और रत्ना सिंह ने कहा कि सरकार को आंदोलन खत्म होने के बाद किए गए वादे पूरे करने चाहिए। सभी ऋफ्क्रवापस लेनी चाहिए और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई रोकनी चाहिए। वहीं, सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी जानकारी दें। सौरव दास ने कहा, लोकतंत्र तभी काम करता है जब सरकार में बैठे लोगों और उन्हें चुनने वालों के बीच निरंतर संवाद हो।

### दावा-2029 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ हो सकते हैं

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव 2029 में एक साथ कराए जा सकते हैं। सोमवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि इसके लिए संविधान में संशोधन और राज्य सरकारों की सहमति जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि अगर संसद 2028 तक संविधान संशोधन को मंजूरी दे देती है, तो ह्यवन नेशन वन इलेशनह्ण उसी साल शुरू की जा सकती है। 2029 में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव कराने का फैसला राज्य सरकारों की इच्छा पर निर्भर करेगा। चौधरी ने कहा कि राजनीतिक दलों की अलग-अलग राय हो सकती है, लेकिन समिति को देश के हित में मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि समिति जनता और देश की इच्छा के आधार पर काम कर रही है।

# अमेरिका का ईरान की कमाई के 5 रास्तों पर बैन

## इनमें सोना, टेक्नोलॉजी और शिपिंग शामिल, कहा- जो देश बिजनेस करेंगे, उन पर भी कार्रवाई



अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था के 5 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। जिनका इस्तेमाल ईरान दूसरे देशों में अपनी आर्थिक गतिविधियों के लिए करता है। इनमें डिजिटल एसेट्स (जैसे क्रिप्टोकरेंसी), टेक्नोलॉजी, सोना, एविएशन और शिपिंग सेक्टर शामिल हैं। अमेरिका इन क्षेत्रों के जरिए ईरान की कमाई और अंतरराष्ट्रीय कारोबार को रोकना चाहता है। यानी अगर कोई देश इन क्षेत्रों में ईरान के साथ ऐसा कारोबार करता है जिससे उसे पैसा या आर्थिक फायदा मिलता है। तो अमेरिका उस देश पर भी प्रतिबंध लगा सकता है या उसे अमेरिकी डॉलर की वित्तीय व्यवस्था से बाहर कर सकता है। अमेरिका ने अभी यह साफ नहीं किया है कि किन देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि, चीन, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात ईरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं।

### अमेरिका बोला- अब ईरान के पास सिर्फ दो रास्ते बचे

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा कि हमने 'ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट' शुरू किया है। यह ईरान और उसके सहयोगी देशों के खिलाफ एक अभियान है। ईरान के सामने अब सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला- पूरी तरह से दुनिया से अलग-थलग पड़ना और गुजारे लायक अर्थव्यवस्था। दूसरा- फिर से सामान्य स्थिति की ओर बढ़ना और वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर से शामिल होने का मौका पाना।

### सेकेंडरी प्रतिबंध से ईरान के साथ कारोबार करना क्यों मुश्किल?

अमेरिका के सेकेंडरी प्रतिबंधों का असर सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं रहता। अगर कोई विदेशी कंपनी ईरान के साथ ऐसा कारोबार करती है, जिस पर अमेरिका ने रोक लगा रखी है, तो उस कंपनी पर भी अमेरिकी कार्रवाई हो सकती है। अमेरिका का सबसे बड़ा दबाव उसकी डॉलर और बैंकिंग व्यवस्था पर है। किसी कंपनी पर प्रतिबंध लगने के बाद उसके लिए अमेरिकी बैंकों और कंपनियों के साथ कारोबार करना मुश्किल हो सकता है। कुछ मामलों में अमेरिकी वित्तीय व्यवस्था तक उसकी पहुंच भी रोकी जा सकती है। यानी किसी भारतीय, चीनी, तुर्की या यूएई की कंपनी के सामने यह खतरा रहता है कि ईरान के साथ कारोबार जारी रखने पर उसे अमेरिकी बाजार और बैंकिंग व्यवस्था में नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी वजह से कई कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों में फंसने के जोखिम से बचने के लिए ईरान के साथ कारोबार कम कर देती हैं या उससे दूरी बना लेती हैं।



यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 25 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य जीवति।
गुणधर्मविहीनो यो निष्फलं तस्य जीवितम्।।

**भावार्थ** : जिसने भी धार्मिक जीवन जिया है वह सदाचारी, गुणवान है और उसका जीवन सफल होता है और वह वही जीवन जीता है और जो लोग धर्म से दूर रहकर सद्गुणों और धार्मिक कर्मों से दूर रहते हैं,उनका जीवन निष्प्रभावी होता है, उनका जीवन मृत्यु के समान होता है।

प्रथमेनार्जिता विद्या द्वितीयेनार्जितं धनं।
तृतीयेनार्जितः कीर्तिः चतुर्थे किं करिष्यति।।

**भावार्थ** : जिसने पहले अर्थात् ब्रह्मचर्य आश्रम में ज्ञान अर्जित नहीं किया, दूसरे अर्थात् गृहस्थ आश्रम में धन नहीं कमाया, तीसरा अर्थात् वानप्रस्थ आश्रम में यश नहीं अर्जित किया, वह चौथे अर्थात् संन्यास आश्रम में क्या करेगा?

## स्वतन्त्रस्य चार्टर्ड् एकाउण्टेण्ट् इत्यस्मात् अपि प्रतिवेदनं

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

अन्यस्य याचिकाकर्ता सुधाकरसिंहस्य वकीलः सत्यमसिंहराजपूतः अद्यावधि प्राप्तानां सर्वेषां दानस्य विवरणं सार्वजनिकं करणीयम् इति आग्रहं कृतवान्। सः अपि अवदत् यत् तेषां स्वतन्त्रस्य चार्टर्ड् एकाउण्टेण्ट् इत्यस्मात् अपि प्रतिवेदनं आज्ञापितम्, यत् तेषां अभिप्रायः न्यायालये प्रस्तूयते। एकेन याचिकाकर्तानां चिन्ता उक्तवती यत् राममन्दिरन्यासस्य वर्तमानसंरचनां दृष्ट्वा एसआईटी-अनुसन्धानं निष्पक्षं न भवितुम् अर्हति; प्रतिवदति स्म यत् न्यासस्य इत्यस्य उपरि कोऽपि नियन्त्रणं नास्ति। सॉलिसिटर जनरल तुशर मेहता इत्यनेन उक्तं यत् आपराधिकप्रकरणानाम् अन्वेषणसम्बद्धविवरणं केवलं अभियोजनपक्षस्य।

## सम्पादकीयम्

### असहजतां अनुभवितुं

स्वस्य वन्यकल्पनाः वा स्वस्य रुचि-अरुचिः वा मुक्ततया वक्तुं असमर्थाः भवन्ति। ते चिन्तयन्ति यत् एतादृशानां विषयाणां प्रत्यक्षं स्वरं दत्त्वा तेषां सहभागिनः असहजतां अनुभवितुं शक्नुवन्ति। परन्तु पाठसन्देशानां प्रयोगे ते आश्चर्यजनकरूपेण साहसिकाः भवन्ति। दूरभाषेण ते स्वस्य दमितशारीरिककामान् विना संकोचेन अभिव्यक्तयन्ति। पाठद्वारा शारीरिकसान्निध्यस्य एषा मुक्तव्यञ्जना प्रायः शय्याकक्षे अनुभूयमानानां पारम्परिकनिरोधानाम् भङ्गाय सहायकं भवति। ये जनाः पदार्थां यौनव्यञ्जकाः सन्ति ते शय्याकक्षे प्रकाशाः निष्क्रान्ताः भवन्ति तस्मिन् क्षणे एव अत्यन्तं पारम्परिकाः वा आरक्षिताः वा भवितुम् अर्हन्ति। यथा दीर्घदूरसम्बन्धेषु जनाः प्रायः स्वसहभागिनं प्रभावितं कर्तुं सेक्सट् कुर्वन्ति, यद्यपि ते वास्तवतः साक्षात्कारे स्थगिताः भवेयुः। ये व्यक्तिगतरूपेण कतिपयान् प्रत्यक्षशब्दान् उच्चारयितुं संघर्षं कुर्वन्ति ते पाठस्य उपरि कासानोवारूपेण परिणतुं शक्नुवन्ति। एषा घटना प्रसिद्धेन समाजशास्त्रज्ञेन वाल्थरेन प्रस्तावितेन अतिव्यक्तिगतप्रतिरूपेण व्याख्याता। सिद्धान्तः सूचयति यत् पाठः, अङ्कीयमाध्यमाः च अस्मान् श्रेष्ठे, अधिके आकर्षके, मोहक, परिपूर्णे च प्रकाशे प्रस्तुतुं शक्नुवन्ति। एतत् डिजिटल...कॉर्नेल् विश्वविद्यालयेन रोमान्स् विषये आकर्षकः अध्ययनः कृतः अस्ति।

## इन्दौरनगरे नकली-कॉल-केन्द्रं संचालयन् सीए-तः

# 21 कोटिरूप्यकाणां साइबर-धोखाधड़ीं कृत्वा कम्बोडिया-गङ्गस्य मुख्य-हैण्डलरः गृहीतः

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर



राज्यस्य साइबरपुलिसः क्रिप्टोव्यापारस्य नामधेयेन चार्टर्ड् एकाउण्टेण्ट् अशोकविजयवर्गीयायाः कृते 21.05 कोटिरूप्यकाणां साइबर-धोखाधड़ी-प्रकरणे महतीं सफलतां प्राप्तवती अस्ति। कम्बोडियादेशे स्थितस्य अन्तर्राष्ट्रीयसाइबर-दलस्य भारते मुख्य-सञ्चालकं पिङ्केश-सूर्यवंशीं मन्दसौर-नगरात् पुलिसैः गृहीतम्। मूलतः मन्दसौरस्य मल्हरगढस्य अभियुक्तः इण्डौरनगरे डिजिटलविपणननिवेशकम्पन्योः आडम्बरेण नकलीकॉलसेन्टरं चालयति स्म। पुलिस अन्वेषणेन ज्ञातं यत् धोखाधड़ीयाः १० लक्षं धनं प्रत्यक्षतया अभियुक्तस्य चालू खाते निक्षिप्तम्। ततः सः एतां राशिं देशस्य विभिन्नेषु भागेषु संचालितानाम् खच्चरलेखानां कृते स्थानान्तरितवान्।

पुलिस-अनुसारं पिङ्केश-सूर्यवंशी कम्बोडिया-देशे स्थितस्य साइबर-दलस्य नेताराणां निर्देशानुसारं भारते बैंक-खातानां, धन-हस्तांतरण-जालस्य च प्रबन्धनं कुर्वन् आसीत् आरोपी इन्दौरनगरे डिजिटल मार्केटिंग इन्वेस्टमेण्ट् कम्पनी इति अभिनयं कृत्वा नकली कॉल सेण्ट स्थापितवान् इति कथ्यते। तत्र कार्यप्रतिज्ञां कृत्वा निरवकाशयुवकाः प्रलोभिताः आसन्। ततः ते प्रशिक्षिताः, साइबर-धोखाधड़ीयां प्रयुक्तानां खच्चर-खातानां जालस्य संचालनाय नियुक्ताः च। अन्वेषणेन एतदपि ज्ञातं यत् अभियुक्ताः देशस्य विभिन्नेषु राज्येषु बैंकखातानां जालं संचालयन्ति स्म, यस्य उपयोगः धोखाधड़ीं कृतं धनं स्थानान्तरयितुं भवति स्म।

अशोकविजयवर्गीयस्य 21.05 कोटिरूप्यकाणां साइबरधोखाधड़ीयाः अनन्तरं राज्यस्य साइबरपुलिसः धनव्यवहारस्य, बैंकखातसम्बद्धानां च अन्वेषणं आरब्धवान् अस्मिन् अन्वेषणकाले पिङ्केशस्य नाम उपरि आगतं। अन्वेषणेन ज्ञातं यत् धोखाधड़ीं कृतस्य धनस्य प्रायः १० लक्षं धनं प्रत्यक्षतया तस्य चालू खाते स्थानान्तरितम्। धनं प्राप्य अभियुक्ताः तान् विभिन्नराज्येषु स्थितेषु खच्चरलेखेषु स्थानान्तरितवन्तः। पुलिस मन्यते यत् एतेषां खातानां उपयोगः धोखाधड़ीं कृतं धनं बहुस्तरीयं मार्गं कृत्वा तेषां यथार्थस्त्रोतं गोपनार्थं कृतम् आसीत्।

अन्वेषणकाले अभियुक्तजालस्य तान्त्रिकसञ्चालनस्य प्रमाणानि अपि पुलिसैः आविष्कृतानि। प्रारम्भिक अन्वेषणेन ज्ञातं यत विशेष एपीके सञ्चिकाः, संदिग्धाः मोबाईल-अनुप्रयोगाः च बैंकखातानां संचालनाय उपयुज्यन्ते स्म। एतेषां तकनीकीसाधनानाम् माध्यमेन अन्यराज्येषु कम्बोडियादेशे स्थितानां गिरोहसदस्यानां निर्देशानुसारं दूरतः नियन्त्रिताः आसन्। अनेन अस्मिन् जालपुटे सम्बद्धानां वास्तविकस्थानानि, क्रियाकलापाः च निर्धारयितुं पुलिसैः आव्हानं जातम्। पुलिस-अनुसन्धानेन एतदपि ज्ञातं यत् पिङ्केशः केवलं बैंक-खातानां संचालने एव सीमितः नासीत्, अपितु खच्चर-खातानां राष्ट्रव्यापी-जालस्य प्रबन्धने प्रमुखा भूमिकां निर्वहति स्म एतेषां खातानां उपयोगः साइबर-धोखाधड़ीतः प्राप्तं धनं विविधलेखेषु स्थानान्तरयितुं भवति स्म। धनं विविधलेखेषु स्थानान्तरितस्य अनन्तरं तान् निष्कासयितुं वा अधिकं स्थानान्तरयितुं वा प्रक्रिया अनुसृता आसीत्। अधुना पुलिसाः निर्धारयितुं प्रयतन्ते यत् अभियुक्तः देशस्य विभिन्नेषु राज्येषु कति जनानां सम्पर्कं कृतवान्, कति बैंकखाताः अस्मिन् जालपुटे सम्बद्धाः आसन् इति।

## घटनायाः अनन्तरं

# षट् पुलिसाधिकारिणः निलम्बिताः सन्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अस्मिन् प्रकरणे पुलिसस्य भूमिकायाः विषये अपि प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। घटनायाः अनन्तरं षट् पुलिसाधिकारिणः निलम्बिताः सन्ति। इनमें एलसीबी पुलिस निरीक्षक मयुर्ध्वजसिंह सर्वैया, वर्तेज थाना निरीक्षक ए.बी. पधेरिया, सहायक उपनिरीक्षक धर्मपालसिंह गोहिल, डी-स्टाफ हेड कांस्टेबल जयराजसिंह एवं अनिरुद्धसिंह, एवं कांस्टेबल शक्तिसिंह सर्वैया। पुलिसाधिकारिणां विरुद्धं कृता कार्यवाही सूचयति यत् अन्वेषणं न केवलं अवैधमद्यजालस्य परीक्षणं करोति अपितु निगरानीय-पुलिस-स्तरस्य सम्भाव्य-प्रमादस्य अपि परीक्षणं करोति।

गुजरातदेशे निषेधः प्रचलति इति कारणतः भावनगरघटना अपि गम्भीरा अस्ति। दीर्घकालीन अवैधमद्यजालं, नकलीमद्यस्य निरन्तरं आपूर्तिः च प्रशासनस्य कृते महत्त्वपूर्णा आव्हानं भवति। अधुना पुलिस अन्वेषणं कुर्वती अस्ति यत् नकली मद्यस्य निर्माणस्य वितरणस्य च जालं कियत्पर्यन्तं प्रचलति स्म, कति जनाः तत्र सम्मिलिताः आसन्।

अन्वेषणकाले पुलिसैः नकलीमद्यस्य विशालः मालः अपि आविष्कृतः अस्ति। इदानीं अधिकारिणः तेषां अन्वेषणं कर्तुं केन्द्रीकृताः सन्ति ये मेथनॉल-आदि-सामग्रीणां स्त्रोतः प्राप्तवन्तः, मद्यस्य निमार्णं कृतवन्तः, पुटकानि संकुलं कृतवन्तः, ततः विभिन्नेषु प्रदेशेषु वितरन्ति स्म नकली मद्यविक्रयात प्राप्तं धनं केभ्यः प्राप्तम् इति अपि च पुलिसैः अन्वेषणं क्रियते यत् अन्येषु राज्येषु कार्यं कुर्वतां अवैधमद्यव्यापारिभिः सह अस्य जालस्य सम्बन्धः अस्ति वा इति। प्रकरणे गृहीतानाम् १३ अभियुक्तानां प्रश्नोत्तरस्य आधारेण पुलिस जालपुटे अग्रिमसम्बद्धानां पहिचानस्य प्रयासं कुर्वती अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज रोमांच की इच्छा क्रिएटिव सॉल्यूशन की ओर ले जाएगी। आप फालतू बातचीत में रुचि नहीं रखते हैं।

**वृषभ** : आशा और स्वतंत्र सोच की भावना पर्सनल और प्रोफेशनल सफलताओं का मार्ग क्लियर करती है।

**मिथुन** : सच्चाई आपको प्रेरित करती है, जिसका उपयोग रिसर्च, या योजना बनाने के माध्यम से काम करने के लिए करें।

**कर्क** : रचनात्मक एनर्जी जरूरी फैसलों के साथ पर्सनल और प्रोफेशनल क्षेत्रों में कनेक्शन को मजबूत बना सकती है।

**सिंह** : जब तक आप टास्क करने के लिए तैयार न हों, तब तक अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**कन्या** : उत्साह और सही समय पर की गई पहल चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में सफलता दिला सकती है।

**तुला** : आज ध्यान रखें कि ऑफिस व पर्सनल जीवन के बीच संतुलन बना रहे। दफ्तर में नई जिम्मेदारियां लेना जारी रखें।

**वृश्चिक** : आज आपके पर्सनल जीवन को धन की आवश्यकता होगी। अपने रवैये के जरिए पेशेवर चुनौतियों पर विजय पाएं।

**धनु** : रिश्तों और करियर की परियोजनाओं के बीच निष्पक्ष निर्णय लें। प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

**मकर** : चुनौतियों और अवसरों की सावधानी के साथ जांच-परख करने से वर्क और पर्सनल जीवन में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

**कुंभ** : आज पॉजिटिव दृष्टिकोण और शांत मानसिकता किसी भी समस्या को सुलझाने में मदद करेगी।

**मीन** : आज एक अच्छी पार्टनरशिप आपको स्मार्ट डिसीजन लेने में मदद कर सकती है। आज हवा में प्यार है और इसे महसूस करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र की बदली चाल से सबसे ज्यादा लाभ इन राशियों को मिलेगा, जिएंगे लग्जरी जीवन

25 अगस्त को शुक्र मंगल के स्वामित्व वाले नक्षत्र चित्रा में गोचर करेंगे, जिससे कुछ राशि वालों को अचानक धन लाभ और भाग्य में बदलाव आ सकता है।

ज्योतिष में शुक्र ग्रह का बहुत ही महत्वपूर्ण और खास स्थान है। शुक्र ग्रह प्रेम, सुख-समृद्धि, कला और सौंदर्य आदि का कारक ग्रह माना जाता है। जिन जातकों को कुंडली में शुक्र ग्रह की स्थिति शुभ होती है उनको भाग्य का भरपूर साथ मिलता है। व्यक्ति, धन, सुख-संपदा और ऐशोआराम और लग्जरी लाइफ व्यतीत करता है। शुक्र मंगलवार 25 अगस्त को चाल में परिवर्तन करेंगे जिससे इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलेगा। पंचांग के अनुसार, शुक्र का गोचर चित्रा नक्षत्र में होगा जो मंगल का नक्षत्र माना जाता है। शुक्र चित्रा नक्षत्र में 11 सितंबर तक विराजमान रहेंगे। इससे कुछ राशि वालों को भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

**मेष राशि-** शुक्र की चाल में बदलाव का प्रभाव मेष राशि वालों पर सकारात्मक रूप से देखने को मिलेगा। चित्रा नक्षत्र में मेष राशि का गोचर



बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होगा। आय में वृद्धि के अच्छे योग हैं। इस दौरान शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर रहेगी। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के लिए बेहतर अवसर मिल सकता है।

**मिथुन राशि-** चित्रा नक्षत्र में शुक्र का गोचर मिथुन राशि वालों के लिए बहुत ही अच्छा और लाभकारी साबित हो सकता है। अचानक धन लाभ के योग बनेंगे। इस दौरान आपको लेन-देन के मामलों में संभलकर रहना होगा। जो लोग बेरोजगार हैं उनको लाभ के सुनहरे अवसर मिल सकते हैं। शुक्र का गोचर आपके लिए सभी तरह के भौतिक सुख-सुविधाओं के दरवाजे खोलने के लिए अच्छा रहेगा।

**कन्या राशि-** चित्रा नक्षत्र में शुक्र का गोचर कन्या राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ, लाभकारी और धन में वृद्दि से भरा होगा। आय में अचानक से वृद्धि के योग हैं। करियर में प्रमोशन और स्थान परिवर्तन के योग हैं। समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी।

**धनु राशि-** शुक्र का मंगल के स्वामित्व वाले नक्षत्र चित्रा में गोचर अच्छा, लाभ से भरा और फायदेमंद साबित होगा। अधूरे कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। लेन-देन के मामलों में आपको पुरानी चीजों का निस्तारण होगा। इस दौरान पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई मामला हल हो सकता है।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए शुक्र का चित्रा नक्षत्र में परिवर्तन बहुत ही शुभ और अच्छा साबित होगा। जीवन में मुश्किलें दूर होंगी। आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा। संतान की तरफ से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

## पंत का 95 मीटर का सिक्स, सोलर पैनल से टकराया, धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ा

# जुरेल ने जय जवान-जय किसान का टैटू दिखाया

ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबो






भारत ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट के दूसरे दिन 503/9 में पारी घोषित कर दी। टीम की तरफ से ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया। हालांकि 99 रन पर पहुंचने के बाद एक रन बनाने में उन्हें 13 गेंदें लग गईं। शतक पूरा करने के बाद जुरेल ने हेलमेट उतारकर अपनी बाईं बाजू पर बना जय जवान-जय किसान का टैटू दिखाया।

इससे पहले ऋषभ पंत ने चोट के बाद दोबारा बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए। उनकी पारी का सबसे खास पल 95 मीटर का छक्का रहा, जो स्टेडियम की छत पर लगे सोलर पैनल से जा टकराया। पंत विदेश में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर भी बने। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ा।

**जुरेल ने शतक के बाद टैटू दिखाया-** ध्रुव जुरेल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद बाईं बाजू में बना टैटू दिखाया। उनकी बांह पर जय जवान-जय किसान लिखा हुआ है। शतक पूरा करते ही दूसरे छोर पर मौजूद मोहम्मद सिराज भी उनके पास पहुंचे और दोनों ने गले मिलकर इस पल को सेलिब्रेट किया।

दूसरे दिन के खेल के बाद जुरेल ने सेलिब्रेशन की वजह बताई। उन्होंने कहा- मेरे दादाजी किसान थे और मेरे पिता सैनिक थे। उन्होंने कहा- 'मैं अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलना चाहता और मेरा यह जश्न पूरी तरह से उन्हीं को समर्पित था।' जुरेल के पिता रिटायर्ड सैनिक हैं, उन्होंने 1999 में कारगिल युद्ध लड़ा था।

**99 पर रनआउट होने से बचे जुरेल-** जुरेल जब 99 रन पर थे, तब उन्होंने असिथा फर्नांडो की गेंद को मिडऑफ की तरफ खेला और तेजी से रन लेने दौड़े। फील्डर ने गेंद पर तेजी से पहुंचकर स्टंप पर सीधा थ्रो किया। जुरेल ने पूरा डाइव लगाकर क्रीज में पहुंचने की कोशिश की, लेकिन थ्रो स्टंप पर नहीं लगा। इस तरह जुरेल रनआउट होने से बच गए और उनका शतक भी पूरा हो गया। जुरेल 99 रन पर पहुंचने के बाद लंबे समय तक शतक का इंतजार करते रहे। उन्होंने 99 से 100 रन तक पहुंचने के लिए 13 गेंदें खेलीं।

**श्रीलंका में नंबर-7 या उससे निचले क्रम पर शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय-** जुरेल श्रीलंका में नंबर-7 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने। उनसे पहले हार्दिक पंड्या ने 2017 में पल्लेकेले टेस्ट में नंबर-7 पर बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाए थे।

**जुरेल के 600 टेस्ट रन पूरे-** कोलंबो में शतक लगाने के साथ जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट में 600 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 12 टेस्ट के बाद उनका औसत 35 से ज्यादा है। उनका पहला टेस्ट शतक पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था। जुरेल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 68 गेंदों पर 51 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। दूसरे टेस्ट में उन्होंने नाबाद 115 रन बनाए। इस तरह सीरीज में उनके नाम लगातार दो 50+ स्कोर हो गए। जुरेल के विदेशी टेस्ट में अब तक के दोनों 50+ स्कोर श्रीलंका के खिलाफ इसी सीरीज में आए हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने 51 रन बनाए थे, जबकि दूसरे टेस्ट में नाबाद 115 रन की पारी खेली।

**पंत का 95 मीटर का छक्का सोलर पैनल से टकराया-** चोट के बावजूद ऋषभ पंत दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने उन्हें शॉर्ट गेंद फेंकी। पंत ने फाइन लेग के ऊपर से जोरदार पुल शॉट खेला। गेंद करीब 95 मीटर दूर जाकर स्टेडियम की छत पर लगी और सोलर पैनल से टकराई। गेंद मैदान से बाहर चली गई, जिसके बाद नई गेंद मंगानी पड़ी।

# अंपायर पर हमले का आरोपी 36 साल बाद पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

1990 में मुंबई के बोरीवली इलाके में क्रिकेट मैच के दौरान अंपायर पर हमला करने के आरोपी ओमप्रकाश ललता पासी को 36 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। घटना के वक्त पासी 18 साल का था। पासी आउट दिए जाने से नाराज होकर उसने अंपायर पर बल्ले से हमला किया था। हमले में अंपायर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद पासी मौके से भाग गया। पासी पर हत्या की कोशिश का मामला दर्ज है। अब 55 साल का पासी पड़ोसी ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके में रह रहा था। एक अधिकारी ने बताया, बोरीवली पुलिस की तकनीकी जांच और लगातार कोशिशों से पासी का पता लगाया गया। पुलिस के अनुसार 1990 में पासी बोरीवली में क्रिकेट मैच खेलने गया था। अंपायर ने उसे आउट करार दिया, जिससे नाराज होकर उसने अपने पास मौजूद क्रिकेट बैट से अंपायर पर हमला कर दिया। इस मामले में बोरीवली पुलिस स्टेशन में अब खत्म किए जा चुके भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान पासी बार-बार कोर्ट में पेश नहीं हुआ।

# नाइट क्लब घटना के बाद ब्रायडन कार्स टीम से बाहर

### पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे ईसीबी बोला- क्रिकेट रेगुलेटर जांच करेगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंग्लैंड



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को डर्बी के नाइट क्लब में हुई घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। यह घटना शनिवार रात मिडिल इंग्लैंड के डर्बी में हुई।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कार्स को हथकड़ी लगाए चार पुलिस अधिकारियों के साथ जाते हुए देखा गया। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि क्रिकेट रेगुलेटर इस घटना की जांच करेगा। क्रिकेट रेगुलेटर इंग्लैंड और वेल्स में क्रिकेट खेल के नियमों, अनुशासन की निगरानी करने वाली एक संस्था है। बोर्ड ने बयान में कहा- शिकायत के बाद क्रिकेट रेगुलेटर ने पुष्टि की है कि वे शनिवार रात डर्बी में हुई घटनाओं की जांच करेगा। जांच जारी रहने और पूरी जानकारी मिलने तक कार्स दूसरे टेस्ट मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। वीडियो में कार्स को हथकड़ी में पुलिस वालों के साथ दिख रहे हैं। वे अपनी डरहम टीम के साथी मैथ्यू पॉट्स से बात करते दिखे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स भी वीडियो में पीछे की ओर नजर आए। कार्स जनवरी में एशेज सीरीज खत्म होने के बाद से इंग्लैंड के लिए किसी भी फॉर्मेट में नहीं खेले हैं। हाथ की चोट के कारण 2026 की शुरूआत में उनकी तैयारी पर असर पड़ा और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग से भी बाहर रहना पड़ा। उन्हें पिछले हफ्ते हुए पहले टेस्ट के लिए भी नहीं चुना गया था। इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में यह टेस्ट पारी और 103 रन से तीन दिन के अंदर जीता था। करीब 20 दिन पहले इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने एक पॉडकास्ट में कहा था- 'इंग्लैंड की सीनियर टीम में कोई ड्रिंकिंग कल्चर नहीं है।' हालांकि, स्टोक्स खुद कार्स के साथ नजर आए हैं। उन्हें नाइट क्लब में मारपीट के मामले के बाद कप्तानी छोड़नी पड़ी थी।

## खबर एक नजर...

### तमिलनाडू और खरगोन में मिली लापता बालिकाएं

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय बालिका 3 अगस्त को लापता हो गई थी, वहीं 15 अगस्त को 16 साल की बालिका के लापता होने का मामला भी सामने आया था। पुलिस ने मामला नाबालिगों से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बालिकाओं की तलाश के लिये एसआई योगिता उपाध्याय, एएसआई दिनेश निनामा, प्रभुलाल मुनिया, प्रधान आरक्षक चितरंजन डामोर, महिला आरक्षक ज्योति वर्मा, उस्मानी शबनम, सुनीता डामोर की टीम बनाई और सायबर सेल प्रभारी एसआई प्रतिक यादव की मदद से बालिकाओं की तलाश तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शुरू की। एक बालिका के तमिलनाडू के कोयंबटूर में होने का पता चलने पर पुलिस टीम दो हजार किलोमीटर दूर पहुंची और बालिका को दस्तयाब किया। दूसरी बालिका 300 किलोमीटर दूर खरगोन में होना सामने आई। उसे भी टीम दस्तयाब कर नागदा ले आई। दोनों बालिकाओं के बयान दर्ज करने पर 15 अगस्त को गई बालिका ने बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर रघु उर्फ राज प्रजापत से दोस्ती हुई थी, वह बहला-फुसलाकर खरगोन ले गया था, बालिका ने अपने साथ गलत होना बताया। पुलिस ने रघु को गिरफ्तार कर पास्को एक्ट की धारा का इजाफा किया है। दूसरी बालिका के बयान दर्ज करने पर भी उसके साथ गलत होना सामने आया है। आरोपी को राउंड अप कर लिया गया है। जिससे पूछताछ जारी है। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा। दोनों बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### महाकाल की सवारी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



**उज्जैन।** सावन माह के चौथे सोमवार को निकली बाबा महाकाल की सवारी के साथ नागपंचमी पर महाकाल मंदिर और सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था, यातायात और कानून व्यवस्था को बनाये रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा नीलकंठ द्वार पर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी तय की गई थी। उसी आधार पर सम्मानित करते हुये कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कार्य की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### कार का कांच फोड़ने से मना किया तो मारा चाकू

**उज्जैन।** जयसिंहपुरा बंसी का बाड़ा में रहने वाला रितिक पिता संतोष राठौर कार ड्रायवर है, रविवार-सोमवार रात घर के बाहर कार खड़ी कर उसमें बैठा था उसी दौरान लक्ष्मण पिता प्रकाश आया और कार खड़ी करने की बात पर विवाद करते हुये कांच फोड़ने लगा। रितिक ने उसे रोकने का प्रयास किया तो लक्ष्मण ने चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। महाकाल थाना पुलिस ने घायल रितिक की शिकायत पर चाकू मारने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि हमलावर घायल का रिश्ते में मामा लगाता है।

### रात 1 बजे किसान के सीने पर सांप ने डंसा, मौत

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम इसाकपुर में रहने वाला नटवरलाल पिता कैलाशचंद्र सोलंकी 50 साल रविवार-सोमवार रात घर में जमीन पर सोया हुआ था। रात 1 बजे के लगभग सीने पर जलन हुई तो आंख खुली, सीने पर सांप बैठा हुआ था। उसने सांप को को हाथ से हटाया और तत्काल परिजनों को सूचना दी, पास में रहने वाला अर्जुन कार लेकर आया और नटवरलाल को उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि नटवरलाल किसान था और कमरे में अकेला सो रहा था।

### फेरी लगाकर चादर बेचने वाले पर ईंट से हमला

**उज्जैन।** पंजाब के जालंधर का रहने वाला आशीष पिता शंभुराम परिवार के साथ शहर में फेरी लगाकर चादर बेचने का काम करता है। परिवार ने नीलंगगा चौराहा पर किराये का मकान ले रखा है। सोमवार शाम परिवार की महिला से छेड़छाड़ को लेकर आशीष का क्षेत्र में रहने वाले युवक से विवाद हो गया। युवक ने ईंट से हमला कर दिया, आशीष सिर में चोंट लगने पर घायल हो गया। उसे बचाने जीजा रोहित आया तो युवक द्वारा उसके साथ भी थप्पड-मुक्कों से मारपीट की गई। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस घायल आशीष के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर हमला करने वाले की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 668-0 | 449-7 |
| मेन बाजार | 123-6 | 157-3 |
| मिलन डे | 190-0 | 237-2 |
| मिलन नाइट | 260-8 | 234-9 |

2 7 0

9 महिलाओं की चेन, एक का मंगलसूत्र, पर्स-मोबाइल उड़ाये

# महाकाल की चौथी सवारी में 46 वारदात, 20 हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





सावन माह के आखरी सोमवार को बाबा महाकाल की चौथी सवारी में शामिल होने लाखों श्रद्धालु धार्मिक नगरी में पहुंचे थे। आस्था की भीड़ में बदमाश भी सक्रिय रहे। नगर भ्रमण के बाद पालकी मंदिर पहुंची तो श्रद्धालुओं के साथ हुई वारदाते भी सामने आने लगी। 2 थाना क्षेत्र में 9 महिलाओं की चेन, एक का मंगलसूत्र और 36 श्रद्धालुओं के पर्स-मोबाइल गायब हो चुके थे।

3 अगस्त को सावन माह का पहला सोमवार होने पर बाबा महाकाल की सवारी निकाली गई थी। 10 अगस्त को दूसरा सोमवार और 17 अगस्त को तीसरे सोमवार के साथ नागपंचमी का पर्व था। 24 अगस्त को सावन का आखरी सोमवार था, शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से बाबा महाकाल प्रजा को दर्शन देने परंपरागत मार्ग पर नगर भ्रमण के लिये निकले। लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा की एक झलक पाकर दर्शन करने को आतुर थे। आस्था की भीड़ में हर सवारी की तरह बदमाशों की गैंग भी शामिल थी। पुलिस की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था होने के बावजूद भी बदमाशों ने मंदिर क्षेत्र से लेकर पूरे सवारी मार्ग पर वारदातों को अंजाम दिया। रात 8 बजे तक 2 थाना पुलिस के पास 46 श्रद्धालु अपने साथ हुई वारदात की शिकायत लेकर पहुंच चुके थे। महाकाल थाना पुलिस के पास 40 आवेदन पहुंचे थे। जिसमें 9 महिलाओं के गले से सोने की चेन गायब होना सामने आया था। 15 श्रद्धालुओं के पर्स चोरी हुये थे। वहीं 16 के मोबाइल भीड़ के बीच गायब हो चुके थे। खाराकुआ थाना क्षेत्र में 6 वारदात हुई थी। जिसमें जबलपुर से आई महिला श्रद्धालु के गले से छत्रीचौक क्षेत्र में पालकी दर्शन के दौरान मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया था, 5 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होने की शिकायत पुलिस को मिली है। बताया जा रहा था कि महाकाल थाने पर कुछ ओर श्रद्धालु रात में अपना सामान गुम होने की शिकायत लेकर पहुंचे है।

#### चोरी की शंका में महिला-पुरूषों से पूछताछ

बताया जा रहा है कि आस्था की भीड़ में पुलिस ने 20 से अधिक महिला-पुरूषों को हिरासत में लिया है। जिन पर श्रद्धालुओं के साथ वारदात करने की शंका बनी हुई है। महाकाल पुलिस 16 और खाराकुआ पुलिस 4 से पूछताछ कर रही है। लेकिन किसी के पास से मोबाइल, पर्स और चेन की बरामदगी नहीं हो पाई थी। अंदेशा जताया जा रहा है कि वारदात के बाद चोरी किया सामान संदिग्धों ने अपने साथियों को थमा दिया था, जो भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले है। हिरासत में लिये गये सभी से उनके साथियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

#### पहली सवारी में 4 महिलाओं की गई थी चेन

3 अगस्त को बाबा महाकाल की पहली सवारी होने पर 6 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान चार महिलाओं के गले से हरसिद्धी मंदिर चौराहा पर चेन चोरी की वारदात होना सामने आया था। एक महिला श्रद्धालु ने लोगों की मदद से एक महिला को पकड़ लिया था। जिसके पास से चेन में लगा पेंडल बरामद हो गया था, लेकिन चेन नहीं मिल पाई थी। उस दौरान कई श्रद्धालुओं के मोबाइल भी चोरी हो गये थे। दूसरी सवारी में सवारी मार्ग पर 21 श्रद्धालुओं के मोबाइल पर्स चोरी होना सामने आया था। तीसरी सवारी के दौरान नागपंचमी का संयोग था, 12 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, इस दौरान 2 से 3 चेन और 50 से अधिक पर्स मोबाइल चोरी की वारदात सामने आई थी।

लाइट चालू देख संचालक को हुआ शक...

# ताला तोड़कर चोरी करने गोदाम में घुसे थे 2 हिस्ट्रीशीटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नमकीन गोदाम में चोरी करने घुसे 2 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को भागने से पहले ही घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। गोदाम की लाइट चालू देख संचालक को शंका हुई थी। पुलिस ने दोनों को हिस्ट्रीशिटर बदमाशों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रविवार रात 11 बजे के लगभग वल्लभ भाई पटेल मार्ग पर रहने वाले जितेन्द्र पिता भंवरलाल जैन 48 साल ने सूचना देकर बताया था कि वह नमकीन का कारोबार करता है। उसका पांच बंगला पर गोदाम है। जिसमें चोरी की नियत से कुछ बदमाश घुसे है। पुलिस की डायल 112 तत्काल पांच बंगला पहुंच गई थी। जितेन्द्र जैन ने अपने परिचितों को बुला लिया था। गोदाम का ताला बाहर से टूटा था, पुलिस ने जैन के परिचितों के साथ घेराबंदी की और गोदाम में प्रवेश किया, जहां 2 बदमाश गोदाम में सामान की तलाशी लेते मिले। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। दोनों थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश माखन उर्फ माखनसिंह पिता उदयसिंह 29 साल और हिम्मतसिंह उर्फ हेमंतसिंह पिता दरबारसिंह 45 साल निवासी मोचीखेडा महिदपुर होना सामने आये। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश माखनसिंह के खिलाफ लूट, हफ्ता वसूली, चोरी करना, घर में घूसकर मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देने के 10 अपराध दर्ज है। वहीं हिम्मतसिंह पर 13 मामले लूट, हफ्ता वसूली, चोरी करना, एनडीपीएस, मारपीट, धमकी देने के दर्ज है। दोनों को गिरफ्तार करने में एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक नारायणसिह, आरक्षक सुखदेव, समरथ पाटीदार और डायल 112 के चालक दिनेश कुमावत के साथ गोदाम संचालक की भूमिका रही।

#### बाइक लेने गोदाम आया था संचालक

चोरी की नियत से गोदाम में घुसे बदमाशों की सूचना देने वाले गोदाम संचालक जितेन्द्र जैन ने पुलिस को बताया कि वह शाम को जल्द गोदाम बंद कर घर चला जाता है। रात में वह बाइक गोदाम के बाहर खड़ी कर चला गया था। रात में बाइक लेने पहुंचा तो उसने गोदाम की लाइट चालू देखी, शंका होने पर ताला देखा तो टूटा हुआ था। तत्काल उसने पुलिस और परिचितों को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। जिसके चलते चोरी होने से बच गई।

## जगतगुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज का भव्य स्वागत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दक्षिण पीठ नाणीजधाम, रत्नागिरी (महाराष्ट्र) के परमपूज्य जगतगुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज के इंदौर शुभागमन के पावन अवसर पर त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक त्रिशूलपाणी आदित्य नागर जी ने उनकी चरण-वंदना कर भेंट अर्पित की।

इस दिव्य भेंट में नागर जी ने जगतगुरु महाराज को मोक्षदायिनी क्षिप्रा (शिप्रा) नदी को पुनः प्रवाहमान बनाने तथा उज्जैन को पवित्र नगरी घोषित कराने हेतु चल रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही कार्तिक द्वादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा आयोजित शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा में सम्मिलित होने का विनम्र निमंत्रण भी दिया। नागर जी ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित यह शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के प्रति जन-जागरण एवं जल-संवर्धन के महासंकल्प के रूप में निकाली जाती है।

## विक्रम विवि और शंकरगढ़ टेकरी पर रोपे 116 पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आजादी पर्व के पखवाड़े के तहत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'वननेस वन' अभियान के छठे चरण में व्यापक पौधरोपण किया गया। विक्रम विश्वविद्यालय परिसर और देवास स्थित शंकरगढ़ टेकरी पर सघन पौधरोपण हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज और निरंकारी राजपिता रमितजी के आशीर्वाद से देशभर की 630 से अधिक शाखाओं में यह अभियान संपन्न हुआ, जिसमें 2 लाख से अधिक पौधे लगाए गए। उज्जैन में विक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्राम भवन के सामने सुमन भवन के पास निरंकारी साध-संगत ने 80 पौधे रोपे, जबकि देवास की शंकरगढ़ टेकरी पर 36 पौधे लगाए गए।

# गोरकर परिवार हत्याकांड के 2 आरोपी की ओर गिरफ्तारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार पर हमला कर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने में शामिल 2 आरोपियों की गिरफ्तारी ओर की गई है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में समर्पण करने वाले आरोपी की निशानदेही पर पकड़ा गया है।

18 जुलाई की रात नीलगंगा चौराहा पर पासी गिरोह के बदमाशों ने तलवार-चाकू, कट्टों से गोरकर परिवार पर हमला किया था और कई राउंड गोलियां चलाई थी। जिसमें सगे भाईयों लोकेश गोरकर और जितेश गोरकर की मौत हो गई थी। दोनों के चाचा दिलीप गोरकर और चचेरा भाई तपन गोरकर घायल हुआ था। पुलिस ने मामले में तपन गोरकर की शिकायत पर 8 नामजद और अन्यों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से लगातार आरोपियों की तलाश जारी है। मामले में 18 अगस्त को एक आरोपी सन्नी पिता संतोष बोरासी निवासी जबरन कालोनी ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। जिसे 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने घटनाक्रम में हिमांशु उर्फ मामू निवासी राधा परिसर और पियुष उर्फ जोंटी निवासी इंदौरगेट आनंदगंज की झिरी के नाम बताये थे। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि दोनों आरोपियों को भी उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोशन पासी है, जिसके साथ रोहित और नरेश अब भी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

#### कोर्ट में समर्पण कर चुके है 3 आरोपी

दोहरे हत्याकांड के बाद से अब तक तीन आरोपी संजय पासी, वेदू पासी और सन्नी पासी कोर्ट में समर्पण कर चुके है। वहीं एक आरोपी नरेश पासी को पुलिस ने लालपुल के पास से शार्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग और 2 आरोपियों पियुष पिता विजय पासी और विवेक पिता दिनेश वर्मा को मंछामन मल्टी से गिरफ्तार किया था। जिनके साथ अर्थव गर्ग, राकेश पासी, दुर्गेश पासी और मंजू उर्फ मीना बोरासी की अब तक पुलिस गिरफ्तारी कर चुकी है, सभी जेल में है।

# एमपी बॉडीबिल्डिंग की कमान उज्जैन के जितेंद्र सिंह कुशवाह के हाथों

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश, मुख्यालय उज्जैन की 9वीं त्रिवार्षिक साधारण सभा एवं निर्वाचन बैठक इंदौर में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह को मध्य प्रदेश बॉडीबिल्डिंग संस्था का अध्यक्ष चुना गया।

संस्था के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित जेठवा, उपाध्यक्ष इंजीनियर गजेंद्र मेहता, महासचिव अतिन तिवारी तथा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके को सौंपी गई। संयुक्त सचिव पद पर पूर्व बॉडीबिल्डर अमित कनौजिया का चयन किया गया। इस अवसर पर राज्य बॉडीबिल्डिंग इकाई की वेबसाइट का शुभारंभ भी किया गया। निर्वाचन बैठक में प्रदेश की 33 जिला इकाइयों के 73 से अधिक जिला पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान मध्य प्रदेश में एक राष्ट्रीय, एक वेस्टर्न इंडिया तथा छह राज्य स्तरीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित करने का संकल्प लिया गया। वहीं वर्ष 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने वाले मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों का नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में अफराज खान (मेन फिजिक, उज्जैन), राजीव साहू (बॉडीबिल्डिंग, ग्वालियर), प्रदीप ठाकुर (बॉडीबिल्डिंग, देवास), अरबाज खान (बॉडीबिल्डिंग, नीमच) तथा सुल्तान (अल्ताफ) (बॉडीबिल्डिंग, भोपाल) शामिल रहे। बैठक के आयोजन में शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आभार प्रदर्शन महासचिव अतिन तिवारी ने किया।

## डोडाचूरा मामले में मंदसौर-चौमेला में दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2.34 क्विंटल डोडाचूरा से भरी पिकअप छोड़कर भागे पंजाब के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। उनकी निशानदेही पर मंदसौर और चौमेला में दबिश दी गई। जहां डोडाचूरा उपलब्ध कराने वालों की तलाश की जा रही है।

4-5 अगस्त की रात लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर अक्षत स्कूल के पास सड़क किनारे नाले में फंसी प्याज से भरी पिकअप क्रमांक पीबी 11 डीएन 2621 में 8 प्लास्टिक की बोरियों में भरा 2 क्विंटल 34 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ था। पिकअप नम्बर और उसमें मिले दस्तावेजों के आधार पर 19 अगस्त को नागझिरी पुलिस पंजाब के सिंध से मेघासिंह और गुलबिंदरसिंह निवासी पटियाला को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। उन्होने चौमेला और मंदसौर से मादक पदार्थ लाना कबूल किया था। उन्होने मादक पदार्थ देने वालों के नाम भी पुलिस को बताये थे। दोनों को पुलिस मंदसौर और चौमेला लेकर पहुंची और डोडाचूरा देने वालों की तलाश में दबिश दी। पुलिस का कहना था कि आरोपियों की तलाश जारी है। दोनों के हिरासत में आने पर मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी सामने आ सकती है।

पशु चिकित्सक हत्याकांड में भतीजों से पूछताछ

# जमीन के साथ रिश्ता तुड़वाने का भी सामने आया विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त डॉक्टर की शनिवार-रविवार रात हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक होना सामने आने पर पुलिस ने भतीजों को हिरासत में लिया है। जमीन विवाद के साथ रिश्ता तुड़वाने की बात सामने आई है, लेकिन हत्या के पुख्ता सुराग नहीं मिल पाये है।

घट्टिया थाना क्षेत्र बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजराज पिता किशोरसिंह तोमर 70 साल की खून से सनी लाश रविवार सुबह घर में मिलना सामने आया था। गजराजसिंह पत्नी शिवाकुंवर के साथ अकेले रहते थे। घटनाक्रम सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में चाकू घटनास्थल से मिला था और हत्या रात 3 से सुबह 6 बजे के बीच होना प्रतीत हुआ था। पत्नी से पूछताछ के बाद सामने आया था कि गजराजसिंह का भाई-भतीजों से विवाद चला आ रहा था। कुछ दिन पहले भतीजे ने धमकी दी थी। पुलिस ने दोनों भतीजों को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया। इस दौरान जमीन के साथ एक भतीजे का रिश्ता तुड़वाने और कुछ उधारी के रूपयों को लेकर विवाद होने की बात उन्होने कबूल की, लेकिन हत्या करने से मना करने लगे। जिस तरह से मृतक और उसके भतीजों के बीच विवाद का पता पुलिस को चला है, उससे संदेह बना हुआ है कि हत्या में शामिल हो सकते है। लेकिन सोमवार शाम तक पुलिस का पुख्ता सुराग नहीं मिल पाया था। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से मिले चाकू पर फिगंर प्रिंट भी सामने नहीं आये है। जिससे शंका जताई जा रही है कि बड़ी चतुराई से हत्या का अंजाम दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल का कहना है कि हर बिंदू पर जांच की जा रही है। मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा है, आसपास लगे सभी जगहों के कैमरों को खंगाला जा रहा है। दोनों भतीजे हिरासत में है, जिनसे पूछताछ जारी है। जल्द ही हत्या में शामिल आरोपियों का पता लगा लिया जायेगा।

## हाटकेश्वर महादेव का 32 औषधियों से होगा अभिषेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पवित्र श्रावण मास के तहत भौम प्रदोष के पावन अवसर पर मंगलवार 25 अगस्त को हाटकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष महारुद्राभिषेक और सहस्त्रधारा का आयोजन किया जाएगा। हाटकेश्वर समिति द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान में 75 विद्वान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का 32 दुर्लभ और दिव्य औषधियों से अभिषेक होगा। पूजन के बाद विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। समिति के अनुसार विशेष मंत्रों और औषधियों से होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति, ग्रह शांति और मानसिक क्लेश से राहत प्रदान करना है। समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि श्रावण मास में हाटकेश्वर समिति द्वारा हर सोमवार को भगवान महादेव का विभिन्न औषधियों से अभिषेक और शाम को फलाहारी भोग अर्पित किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com